Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 305 | गुरूवार, 06 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 1314 उम्मीदवारों की किस्मत

# बिहार में पहले चरण की 121 सीटों पर मतदान आज

**बिहार**

बिहार के 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर आज मतदान हो रहा है। इसके लिए मॉक पोल शुरू हो गया है। मतलब, ईवीएम की जांच शुरू हो गई है। सुबह 7 बजे से मतदान शाम 6 बजे तक चलना है। छह विधानसभा क्षेत्रों में 2135 बूथों पर वोट 5 बजे तक पड़ेंगे। पहले चरण में वर्तमान सरकार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, राजद नेता तेजस्वी यादव, उनके बड़े भाई तेज प्रताप यादव, बाहुबली अनंत सिंह समेत कई दिग्गज चुनावी मैदान में हैं। पहले चरण में कुल 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। एक करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, एक करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।। इसके अलावा, 1, 00, 904 सर्विस वोटर भी इस चरण में वोट डालेंगे। बिहार में पहले चरण मतदान सात बजे से शुरू हो जाएगा। आज यानी गुरुवार सुबह पांच बजे ही बूथ लेवल एजेंटों की मौजूदगी में मॉक पोल किया गया। 115 विधानसभा क्षेत्र के 45341 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग होगी। छह विधानसभा क्षेत्रों के 2135 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से पांच बजे तक ही वोटिंग होगी। पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान होने जा रहा है। यह जिले हैं- मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर।




**2025 पहले चरण में तीन करोड़ 75 लाख से अधिक मतदाता**

## वोटिंग के बीच पीएम मोदी आज करेंगे मतदाताओं से मनुहार, अररिया और भागलपुर में जनसभा



**पटना।**


विधानसभा चुनाव में प्रथम चरण के लिए गुरुवार को होने वाले मतदान के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूसरे चरण वाले दो जिले अररिया एवं भागलपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले पूर्णिया एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री का भाजपा नेता अभिनंदन करेंगे। इसके उपरांत प्रथम चरण के मतदान के मध्य प्रधानमंत्री की पहली जनसभा अररिया जिले के फारबिसगंज एवं दूसरी जनसभा भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में होगी। प्रधानमंत्री दोनों जनसभा के माध्यम से लगभग 15 से 20 विधानसभा क्षेत्र के लोगों को संबोधित करेंगे।

साथ ही संभावना है कि अपने संबोधन के दौरान मोदी दोनों जनसभा में मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील कर सकते हैं। सीमांचल एवं पूर्वी बिहार की जनसभा के उपरांत मोदी की सात नवंबर को दक्षिण बिहार में दो और जनसभा भभुआ एवं औरंगाबाद जिले में होगी। प्रधानमंत्री के यात्रा कार्यक्रम के प्रभारी मृत्युंजय झा ने बताया कि सात को मोदी बोधगया अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा से हेलीकाप्टर से पहली जनसभा के लिए भभुआ जाएंगे।

## निसार उपग्रह शुक्रवार को ऑपरेशनल घोषित होगा, इसरो प्रमुख बोले हमारी तैयारी पूरी

**नई दिल्ली।**

नासा और इसरो की ओर से संयुक्त रूप से विकसित निसार उपग्रह शुक्रवार को ऑपरेशनल घोषित होगा। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) पृथ्वी की अधिकांश भूमि और बर्फ की सतहों की हर 12 दिन में दो बार निगरानी करने की क्षमता रखता है। 2,400 किलो वजनी निसार उपग्रह को 30 जुलाई को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी रॉकेट से प्रक्षेपित किया गया था। नारायणन ने कहा, "डाटा कैलिब्रेशन पूरा हो चुका है और सात नवंबर को उपग्रह के चालू होने की घोषणा करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित करेंगे।" निसार मिशन दो एसएआर प्रणालियों (एल-बैंड और एस-बैंड सेंसर) को ले जाने वाला पहला मिशन है। वहीं, इसरो प्रमुख ने कहा कि भारत का मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान परियोजना का पहला मानवरहित मिशन जनवरी में होने की उम्मीद है, जिसमें 2027 तक अपने अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेश निर्मित रॉकेट से अंतरिक्ष में भेजने की योजना है। मिशन के लिए अब तक 8,000 से अधिक परीक्षण किए जा चुके हैं, और इसरो की योजना अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजने से पहले तीन मानवरहित मिशन संचालित करने की है।



## भारत-पाक सीमा पर तीनों सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास

**जयपुर।**

भारतीय थल सेना, वायुसेना और नौसेना भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे जैसलमेर के रेगिस्तान से गुजरात के सर क्रीक तक संयुक्त युद्धाभ्यास कर रही हैं। इसका नाम त्रिशूल दिया गया है, जो आत्मनिर्भर भारत के सोच पर आधारित है। इसमें विकसित तकनीकों का उपयोग कर सेना दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों को निशाना बना रही है। सेना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक अभियान भी शुरू किया है, जिसका नारा है - हर फौजी के पास चील जैसी नजर होगी। इसके तहत ड्रोनों को इस तरह विकसित किया जा रहा है, जो युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। अभ्यास में निगरानी और हमले की क्षमता वाले ड्रोन प्रमुख रूप से शामिल किए गए हैं। जैसलमेर के रेतीले टीलों में दक्षिणी कमान ने ड्रोन बनाने के लिए स्वदेशी सिस्टम तैयार किया है। इसमें ड्रोन का डिजाइन, विकास और निर्माण पर जोर दिया गया है। सेना का उद्देश्य है कि जंग के लिए तैयार ड्रोन सीधे जवानों के हाथ में दिए जाएं। छोटे ड्रोन दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने, सटीक हमले करने और इलेक्ट्रानिक प्रणाली को जाम करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। अभ्यास में वायुसेना के राफेल और अन्य लड़ाकू विमान हवाई हमलों का लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। जमीन पर टैंक टी-90 व तोपखाने की तैनाती तथा नौसेना द्वारा तटीय सुरक्षा को मजबूत करना युद्धाभ्यास की रणनीति का हिस्सा है।

तीनों सेनाओं के कमांडर विशेष परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली रणनीतियों का अभ्यास कर रहे हैं। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार तीनों सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास चल रहा है। 30 अक्टूबर से शुरू यह अभ्यास 10 नवंबर तक चलेगा।



**सेना का नारा- 'हर फौजी के पास होगी चील जैसी नजर'**

## विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत-जापान के बीच गहरे होते संबंधों पर दिया जोर, बताया हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक स्थिरता



**नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 8वें भारत-जापान हिंद-प्रशांत फोरम को संबोधित करते हुए भारत और जापान के बीच गहरी होती साझेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक स्थिरता को बढ़ाने और वैश्विक आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए महत्वपूर्ण है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने बुधवार को कहा, "दो प्रमुख लोकतंत्रों और समुद्री देशों के रूप में भारत और जापान का हिंद-प्रशांत के प्रति एक बड़ा दायित्व है। च्हिंद-प्रशांत महासागर पहल, जहां जापान समुद्री व्यापार, परिवहन और कनेक्टिविटी के स्तंभ का सह-नेतृत्व करता है, हमारे योगदान को आगे बढ़ाने की क्षमता रखता है। यह हिंद-प्रशांत में रणनीतिक स्थिरता को बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर आर्थिक स्थिरता में योगदान देने का कार्य करती है। एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक को बनाए रखना एक मजबूत आवश्यकता है, लेकिन यह एक अधिक जटिल चुनौती भी है।" जयशंकर ने कहा कि हमारा द्विपक्षीय संबंध बदलते वैश्विक परिध्श्य का उत्तर देता है और यह कई क्षेत्रों में सहयोग की गहराई में परिलक्षित होता है।

जयशंकर ने भारत-जापान संबंधों के विकसित होते स्वरूप को दशार्ने वाले कई प्रमुख पहलों का उल्लेख किया, जिनमें अगली पीढ़ी की मोबिलिटी साझेदारी, आर्थिक सुरक्षा पहल, संयुक्त क्रेडिच्टग तंत्र, स्वच्छ हाइड्रोजन और अमोनिया पर संयुक्त घोषणा और खनिज संसाधनों पर समझौता ज्ञापन शामिल हैं।

## मां ने पहले 2-साल के बेटे की गला घोंटकर की हत्या, फिर खुद भी कुएं में कूदी

**नई दिल्ली।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक मां ने कथित तौर पर अपने 2 साल के बेटे का रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और फिर शव को घर में फंदे से लटका दिया। बेटे की हत्या करने के बाद महिला ने खुद भी कुएं में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। यह घटना चित्तौड़गढ़ के भादसोड़ा थाना क्षेत्र के मोखमपुरा गांव में बुधवार दोपहर 3 बजे हुई। पुलिस के अनुसार रुक्मणि जाट (28) पत्नी मदनलाल जाट (30) ने बुधवार दोपहर अपने बेटे आयुष (2) का गला रस्सी से घोंट दिया।

# पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच आज तुर्किये में होगी वार्ता

**काबुल।**

खुफिया प्रमुख अब्दुल हक वसीक के नेतृत्व में अफगानिस्तान का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पाकिस्तान के साथ होने वाली वार्ता के नए दौर के लिए तुर्किये जाएगा। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, वसीक का प्रतिनिधिमंडल सीमा तनाव पर चर्चा के लिए पाकिस्तानी अधिकारियों से बातचीत करेगा। इस्तांबुल में गुरुवार को होने वाली शांति वार्ता के तीसरे दौर की मध्यस्थता तुर्किये और कतर कर रहे हैं। इससे पहले, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के प्रतिनिधिमंडलों के बीच दोहा और इस्तांबुल में वार्ता हुई थी। हालांकि, सीमा पार आतंकी गतिविधियों को लेकर दोनों प्रतिनिधिमंडलों के बीच मतभेद के कारण दूसरे दौर की वार्ता बिना किसी प्रगति के समाप्त हो गई।



## जम्मू-उत्तराखंड में बर्फबारी शुरू महाराष्ट्र-कर्नाटक में आज होगी बारिश



**नई दिल्ली।**

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में पहाड़ों पर हिमपात और मैदानी क्षेत्रों में वर्षा से ठंड बढ़ गई है। कई जगहों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया है। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार शाम से बुधवार तड़के तक विख्यात पर्यटन स्थल गुलमर्ग समेत घाटी के ऊपरी इलाके सोनमर्ग, गुरेज, दूधपथरी, कुपवाड़ा के फरकिन टॉप इलाके में बर्फबारी हुई। जम्मू संभाग के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नत्था टॉप में बर्फबारी हुई। सैलानियों का तांता लग गया है। कारगिल व लेह के खरदोंगला, जंगला और शिंकुला सहित ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई। द्रास की तरफ जोजिला सुरंग क्षेत्र में 1-2 इंच तक बर्फ जमा हो गई है। उत्तराखंड में बदरीनाथ, केदारनाथ व हेमकुंड साहिब समेत हिमालय की चोटियों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। साथ ही आसपास के निचले क्षेत्रों में हल्की वर्षा के दौर होते रहे।

# राजस्थान में हल्की बारिश और बंगाल में बदला मौसम का मिजाज



**नई दिल्ली।**

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर भारत से आने वाली ठंडी हवाएं आने वाले दिनों में बंगाल और राजस्थान दोनों राज्यों में सर्दी का असर बढ़ा देंगी। दोनों ही राज्यों में सुबह और रात के समय तापमान में गिरावट और हवा में नमी की कमी महसूस की जाएगी। पश्चिम बंगाल और राजस्थान में मौसम का मिजाज बदल गया है। राजस्थान के कई हिस्सों में हल्की बारिश और ओले गिरने से तापमान में गिरावट आई है, वहीं प. बंगाल में शुष्क हवाओं के चलने से रात के साथ अब दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की है। उधर, श्रीनगर में ताजा बर्फबारी के चलते श्रीनगर-लेह हाईवे बंद हो गया। जयपुर स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटों में राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। ?बारां जिले के छबड़ा में सबसे अधिक 40 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। ?विभाग ने बताया कि जैसलमेर में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस और चूरू में न्यूनतम 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि अब राज्य के अधिकांश हिस्सों में शुष्क मौसम रहेगा और उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की गिरावट संभव है।

अगले कुछ दिनों में जयपुर, बीकानेर, सीकर और अजमेर जैसे शहरों में सुबह और रातें और ठंडी हो सकती हैं। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे फसलों को ओस और ठंड से बचाने के उपाय करें।

उधर, पश्चिम बंगाल में भी मौसम ने करवट ली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, आने वाले एक सप्ताह तक राज्य में शुष्क मौसम बना रहेगा। बंगाल की खाड़ी से नमी भरी हवाओं के न आने और उत्तर से सूखी हवाओं के चलने से तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जाएगी। बुधवार को दार्जिलिंग में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कालिम्पोंग में 16.5 डिग्री रहा। मैदानी क्षेत्रों में पुरुलिया सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## संपादक की कलम से

# महिला स्ट्रोक का चुनाव

आज बिहार में प्रथम चरण का मतदान है। विधानसभा की कुल 243 में से 121 सीटों पर जनता अपना जनादेश देगी। अगले चरण का मतदान 11 नवंबर को है और 14 नवंबर को जनादेश अंतिम रूप से सार्वजनिक कर दिया जाएगा। चुनाव में अभी तक जो गौरतलब रहा है, वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शख्सियत है। बीते 20 सालों से वह बिहार के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई रुझान नहीं है, लहर तो बहुत दूर की कौड़ी है। विपक्षी उनकी उम्र,



ललित शर्मा
संपादक

स्वास्थ्य, मन:स्थिति और सेवानिवृत्ति की बातें तो करते रहे हैं, लेकिन उससे कोई सत्ता-विरोधी लहर नहीं बन पाई है। नतीजतन भाजपा के बड़े नेताओं ने भी बयान दिए हैं कि नीतीश ही चुनाव के बाद मुख्यमंत्री होंगे। अभी तक जो सर्वेक्षण सार्वजनिक हुए हैं, उनमें नीतीश कुमार 46 फीसदी से अधिक लोगों के पसंदीदा मुख्यमंत्री हैं, जबकि सितंबर में यह पसंद 15-16 फीसदी तक ही सिमटी थी। तब मुख्यमंत्री की दौड़ में तेजस्वी यादव सबसे आगे थे, लेकिन अब दूसरे स्थान पर आ गए हैं। आश्चर्यजनक रुझान यह देखा गया है कि महिलाएं जाति, धर्म, नस्ल, अगड़ी-पिछड़ी कोई भी हों, लेकिन नीतीश के कारण 45 फीसदी महिलाएं भाजपा-एनडीए को समर्थन देती दिख रही हैं। जो महिलाएं 18-30 साल उम्र की हैं, उनमें यह समर्थन 48 फीसदी से अधिक दिखा है। नतीजतन सभी सर्वेक्षणों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है और बेहतर बहुमत के साथ उनकी सरकार बनती दिख रही है। बेशक महिला-शक्ति निर्णायक लग रही है, हालांकि जाति का मुद्दा अब भी प्रबल रहा है। पलायन और रोजगार भी संवेदनशील मुद्दे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी समेत बड़े नेताओं के प्रचार लालू यादव के जंगलराज पर ही केंद्रित हैं। भाजपा-एनडीए बार-बार उसे याद दिला रहा है। प्रधानमंत्री ने तो बार-बार छर्रा, कट्टे और दुनाली का जिक्र अपने संबोधनों में किया है। सिर्फ 10,000 रुपए महिलाओं के खातों में डालने का ही करिश्मा नहीं है, बल्कि नीतीश ने 20 साल की सत्ता के दौरान पंचायत, शिक्षा, नौकरी आदि में महिलाओं के आरक्षण और लगातार शराबबंदी से महिलाओं का एक ठोस, भरोसेमंद जनाधार तैयार किया है। बिहार में पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक वोट करती हैं, क्योंकि पुरुष बाहर काम करते हैं और मतदान के दिन नहीं लौट पाते। इसका फायदा भी नीतीश पक्ष को मिलता रहा है। इस बार के चुनाव में खासकर महिलाओं पर खूब धन-वर्षा हुई है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन तेजस्वी यादव को यह घोषणा करनी पड़ी कि उनकी सरकार बनी, तो 14 जनवरी, मकर संक्रांति के दिन, एकमुश्त 30,000 रुपए महिलाओं के खातों में डाल दिए जाएंगे। महिलाओं को 2500 रुपए माहवार देने की जो योजना तेजस्वी प्रण में संकलित है, उसका सालाना धन 30,000 रुपए ही बनता है। इधर तेजस्वी ने यह घोषणा की, उधर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी ऐलान किया कि 2 करोड़ महिलाओं को 2-2 लाख रुपए उनके खातों में, रोजगार प्रोत्साहन के मद्देनजर, डाल दिए जाएंगे। यदि ऐसा किया जाता है, तो 4 लाख करोड़ रुपए इसी योजना के लिए चाहिए। फिर वही यथार्थ सामने उभर आता है कि बिहार का बजट 3.16 लाख करोड़ रुपए है और कर्ज 3.62 लाख करोड़ रुपए का है। बिहार में कुल महिला मतदाता 3.50 करोड़ से अधिक हैं। धन-वर्षा की बातें एक तरफ हैं, लेकिन सभी योजनाओं के लिए पैसा कहां से आएगा? बिहार के संसाधन तो बेहद सीमित हैं। सवाल है कि क्या बिहार में कुबेर का खजाना मौजूद है, जिसमें से धन निकाल कर बांटा जाता रहेगा? तेजस्वी ने 1.40 करोड़ से अधिक जीविका दीदियों को 30,000 रुपए वेतन के साथ सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की भी घोषणा की है। बेशक महिलाएं इस चुनाव में गेम चेंजर या मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकती हैं, लेकिन यह खुलासा करने को कोई भी पक्ष तैयार नहीं है कि पैसा कहां से आएगा?

नीलम सिंह



## ओ मेरे कान्हा

कविता


ओ मेरे कान्हा
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।
तेरे चेहरे पर बारी जाऊं,
तेरी मुस्कान पर न्यारी जाऊं ,
तेरी बांसुरी की धुन मुझे मधहोश करें,
तेरी बातों की गुन मुझे खामोश करें,
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।
तू न दिखे तो मैं आकाश निहारुं,
सब कुछ तुझ पर ही बारुं,
तेरी आवाज न सुनू तो तड़प जाऊं,
देख तुझे मैं सारा जग पाऊं,
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बिहार विस चुनाव में किसी के पक्ष में कोई स्पष्ट लहर नहीं, लेकिन नीतीश कुमार से है सहानुभूति!

खासकर बिहार के सियासी चाणक्य समझे जाने वाले नीतीश कुमार 14 नवम्बर के बाद कौन-सी सियासी चाल चलेंगे, इस पर अब उनके सहयोगियों-विरोधियों दोनों की नजरें टिकी हुई हैं। शायद उनके इसी अंदाज से उनके समर्थक और विरोधी मतदाताओं की भी दुविधा बढ़ी हुई है, जिसका उन्हें लाभ और हानि दोनों होने के आसार प्रबल हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के तहत 6 और 11 नवंबर को होने वाले क्रमशः प्रथम और द्वितीय चरण के मतदान की उलटी गिनती अब शुरू हो चुकी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, अभी तक किसी भी पार्टी या गठबंधन के पक्ष में किसी स्पष्ट लहर के संकेत नहीं मिले हैं, जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सबकी सहानुभूति है, यह बात स्पष्ट रूप से उभर कर सामने आ रही है। वहीं, अब तक आए सात प्रमुख चुनाव पूर्व-सर्वेक्षणों, यथा- लाइवमिंट, जेवीसी पोल, सी वोटर, न्यूज एक्स, लोक पोल, वोट विबे (अमिताभ तिवारी) और अन्य- के रुझानों यानी पोल ऑफ द पोल्स से कुछेक रोचक और कांटे की टक्कर होने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। साथ ही यह भी पता चलता है कि त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति में कहीं एनडीए को तो कहीं इंडी गठबंधन को लेने के देने पड़ सकते हैं। यही वजह है कि अभी तक आये आधा दर्जन से अधिक चुनाव पूर्व सर्वेक्षण सोशल मीडिया पर भी अपनी खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं और बिहारी मतदाताओं के मूड को समझने का स्पष्ट और सबसे ताजा जरिया बने हुए हैं। वहीं, व्यक्तिगत बातचीत से भी पता चल रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में अबतक किसी भी पार्टी के पक्ष में कोई स्पष्ट लहर नहीं, लेकिन सूबे के कद्दावर मुख्यमंत्री समझे जाने वाले नीतीश कुमार से सबकी सहानुभूति है!



शायद इसलिए कि उन्होंने बिहार से जंगलराज को समाप्त करके सुशासन और विकास की सरकार देने में खूब सफलता पाई। वहीं, जिन्होंने भी उन्हें हल्के में लिया, उसे अपने भारी होने का एहसास करवाने में जरा-सी भी देरी नहीं की और भाजपा-कांग्रेस-राजद को उसके सियासी जूते के आकार में समेटे रखा। ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर वाला उनका सियासी अंदाज इस बार भी चर्चा का विषय बना हुआ है। खासकर बिहार के सियासी चाणक्य समझे जाने वाले नीतीश कुमार 14 नवम्बर के बाद कौन-सी सियासी चाल चलेंगे, इस पर अब उनके सहयोगियों-विरोधियों दोनों की नजरें टिकी हुई हैं। शायद उनके इसी अंदाज से उनके समर्थक और विरोधी मतदाताओं की भी दुविधा बढ़ी हुई है, जिसका उन्हें लाभ और हानि दोनों होने के आसार प्रबल हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों के मुताबिक, वोट शेयर का औसत इस प्रकार है- एनडीए यानी (बीजेपी + जेडीयू + सहयोगी) को जहां 38 से 40 प्रतिशत मत मिलने के अनुमान हैं, जबकि इंडी गठबंधन यानी (आरजेडी + कांग्रेस + वाम) को 37झ39 प्रतिशत मत मिलने के अनुमान हैं। वहीं, नवोदित जन सुराज (प्रशांत किशोर) पार्टी को 8झ10 प्रतिशत मत मिलने के संकेत मिल रहे हैं, जबकि अन्य (छोटे दल + निर्दलीय) को भी 10झ12 प्रतिशत मत मिलने के आसार प्रबल हैं। इन बातों से साफ पता चलता है कि वोट शेयर में महज 1झ2 प्रतिशत का फासला दोनों बड़े गठबंधनों के बीच है। लोक पोल ने इंडी गठबंधन को 38.5 प्रतिशत और एनडीए को 37.2 प्रतिशत देकर भले ही मामूली बढ़त दिखाई है, जबकि वोट विबे में भी अंतर सिर्फ 1 प्रतिशत (इंडी 36 प्रतिशत, एनडीए 35 प्रतिशत) का रहा है। वहीं, जेवीसी ने एनडीए को 41 प्रतिशत तक का अनुमान दिया, जो सबसे ऊंचा है। जहां तक सीटों के प्रोजेक्शन का सवाल है तो एनडीए को 110झ130 सीटें, इंडी गठबंधन को 105झ120 सीटें और जन सुराज + अन्य को 8झ15 सीटें मिलने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि 243 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत के लिए किसी भी दल या गठबंधन को 122 सीटें चाहिए। जबकि सी वोटर और न्यूज एक्स ने एनडीए को 125झ135 तक पहुंचाया है, लेकिन लॉक पोल ने इंडी गठबंधन को 118झ126 का एज दिया है। जबकि वोट विबे ने एनडीए को 115झ120 सीटें और इंडी गठबंधन को 110झ118 सीटों के बीच रखा है। इस प्रकार कुल मिलाकर, हंग असेंबली की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। जहां तक सामाजिक-जातिगत ब्रेकअप का सवाल है तो एक तरफ महिलाएं एनडीए को 45झ48 प्रतिशत तक समर्थन दे रही हैं, क्योंकि नीतीश सरकार की लोकलुभावन योजनाओं यथा- साइकिल, शराबबंदी, 10-10 हजार खाते में, आदि के कारण उन्हें फायदा पहुंचा है। वहीं, युवा वर्ग (18झ35 वर्ष वाले) नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नौकरी वाले वायदों से इंडी गठबंधन को 42झ45 प्रतिशत तक समर्थन दे रहे हैं। इसके अलावा, मुस्लिम + यादव आज भी इंडी गठबंधन के कोर वोटर्स बने हुए हैं और उन्हें 75झ80 प्रतिशत समर्थन दे रहे हैं।

# थैंक गॉड, मैं कुँवारा हूँ



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

वाह! क्या खबर है! इसे पढ़कर तो अपनी बची-खुची हिम्मत ने भी जवाब दे दिया है। थैंक गॉड, मैं कुँवारा हूँ। अगर शादीशुदा होता, तो इस समय ये पंक्तियाँ लिखने की बजाय भगवान चित्रगुप्त के दरबार में हाज़िरी लगा रहा होता और उनसे अपनी 'असामयिक मृत्यु' का कारण पूछ रहा होता। वही तो हैं जो इस 'पहचान के संकट' की घड़ी में मदद कर सकते थे। अपनी खाताबही देखकर बता सकते थे कि मेरी 'एक्सपायरी डेट' तो अगले चालीस साल बाद की थी, फिर ये 'अर्ली डिलीवरी' का ऑर्डर किसने प्लेस कर दिया? समस्या सिर्फ मेरी नहीं होती, शर्मा जी, वर्मा जी, खान साहब और मिस्टर डिसूजा, सबको यही फेस करनी पड़ रही होती। बल्कि मिस्टर डिसूजा को तो और भी ज्यादा, क्योंकि उनके यहाँ तो आत्मा की आवाजाही का कोई सेंट्रलाइज्ड डेटाबेस ही नहीं है। यमलोक का आईटी डिपार्टमेंट तो वैसे भी सिर्फ सनातनियों का रिकॉर्ड मेंटेन करता है। बहरहाल, अपन के लिए बड़ा सवाल ये है कि अगर यमराज के दूत वक्त से पहले दरवाजे पर आ खड़े होते तो अपन क्या करते? शायद उनसे कहते, ₹भाई साहब, अपॉइंटमेंट तो अगले जन्म का था, आप जरा जल्दी नहीं आ गए? गिव-अप ही कर देता। भाड़ में जाए ये सात जन्मों का साथ। जब एक जन्म का साथ ही इतना रिस्की हो गया हो, तो अगले छह जन्मों का कॉन्ट्रैक्ट साइन करने की हिम्मत कौन करे? पहले के जमाने में पति परमेश्वर होते थे, अब 'परमानेंट सोर्स ऑफ इंश्योरेंस क्लेम' हो गए हैं। पत्नियाँ अब करवा चौथ का व्रत नहीं रखतीं, बल्कि यमराज को सुपारी देती हैं। पहले वे पति की लंबी उम्र की कामना करती थीं, अब यमदूतों के साथ मिलकर उनकी 'लॉन्ग जर्नी' की प्लानिंग करती हैं। बदला क्या है? कुछ नहीं, बस प्रेम का स्वरूप बदल गया है। पहले प्रेम त्याग और समर्पण था, अब यह प्लानिंग और एक्जीक्यूशन है। करप्शन, महँगाई, बेरोजगारी तो अपनी जगह हैं ही, अब तो घर की चारदीवारी भी सुरक्षित नहीं रही। बाहर निकलो तो सिस्टम का डर, घर में रहो तो जीवनसाथी का। अमीर और अमीर हो रहे हैं, गरीब और गरीब, और हम जैसे शादीशुदा मर्द 'स्वर्गीय' होने की कतार में लगे हैं। जितनी बार पत्नी 'बाबू, शोना' बोले, समझ लो यमलोक का टिकट कन्फर्म होने की संभावना उतने गुना बढ़ जाती है। दोनों में एक खास किस्म का को-रिलेशन है। एक दिन सारी जायदाद उनकी होगी, पति तो बस एक एंट्री बनकर रह जाएगा चित्रगुप्त की डायरी में। भ्रम और घबराहट कल्लू बाबू में भी हैं, मगर वे शादीशुदा होने के नाते पलायन में भरोसा नहीं रख सकते। पिछले हफ़्ते मिले तो चेहरे पर बारह बजे हुए थे। बोले झ ह्यएतना जल्दी घबराइएगा नहीं मिसिरबाबू। शादी तो मेहरारू के हाथ में है। निभाना न निभाना उसी के हाथ में है। अब तो बस ह्यऑल इज वेलह्ण बोलकर जीते रहिए।ह्ण मैंने कहा, 'कल्लू बाबू, ऑल इज वेल कैसे बोलें? आजकल अखबार में खबर कम, श्रद्धांजलि ज्यादा छपती है। हर दूसरी खबर में एक पति, एक पत्नी और एक ह्यवोह्ण होता है। ये ह्यवोह्ण ही तो असली विलेन है, जो हमारे-आपके जैसे शरीफ आदमियों की सीधी-सादी गृहस्थी में ह्यबिग बॉसह्ण का ट्विस्ट ले आता है।' कल्लू बाबू ने गहरी साँस ली, ह्यका करें मिसिरबाबू, प्रेम अंधा होता है, पर आजकल का प्रेम तो अंधा होने के साथ-साथ खतरनाक भी हो गया है। उसे जायदाद भी दिखती है और रास्ते का काँटा भी। अपन तो अब घर में चाय भी फूंक-फूंककर पीते हैं, का पता उसमें चीनी की जगह चूहे मारने की दवा मिला दी हो।' उनकी आँखों में जो खौफ था, वो किसी आतंकवादी के खौफ से कम नहीं था। इस बीच यमलोक में इमरजेंसी मीटिंग चल रही थी। चित्रगुप्त अपने आईपैड पर जूम कॉल में सभी यमदूतों की क्लास ले रहे थे। उनकी आवाज में गुस्सा और बेचारगी का कॉकटेल था। ₹व्हाट द हेल इज गोइंग ऑन डाउन देयर? हमारे मंथली टारगेट्स का पूरा चार्ट बिगड़ गया है। जितने 'शेड्यूल्ड पिक-अप्स' नहीं हैं, उससे ज्यादा 'अनशेड्यूल्ड अराइवल्स' हो रहे हैं। सारे के सारे 'मेडिकल रीजन' में 'सडन कार्डियक अरेस्ट' या 'एक्सीडेंटल स्लिपिंग इन बाथरूम' लिखा है, पर अंदर की कहानी तो कुछ और ही है। यम-007, तुम बताओ, लेटेस्ट केस का क्या सीन है?₹ यम-007, जो अभी-अभी आर्यावर्त से लौटा था, उसने अपना हेलमेट उतारते हुए कहा, ₹सर, सिचुएशन इज टोटली आउट ऑफ कंट्रोल। मैं मिस्टर रमेश को लाने गया था, जिनका टाइम आज रात बारह बजे का था। बट सर, उनकी वाइफ और उसके बॉयफ्रेंड ने तो दोपहर में ही उनका 'पैक-अप' कर दिया। सर, द प्लानिंग वाज ऑसम! नो प्रूफ, नो विटनेस। ऐसा क्लीन एग्जीक्यूशन तो हमारी स्पेशल टास्क फोर्स भी नहीं कर पाती। सर, आई थिंक वी आर बीइंग आउटसोर्स्ड। आर्यावर्त की पत्नियाँ हमसे ज्यादा एफिशिएंट हो गई हैं। हमारा तो जॉब ही खतरे में है।₹ चित्रगुप्त ने सिर पकड़ लिया। ₹दिस इज अ सीरियस एचआर क्राइसिस! हमारी क्रेडिबिलिटी का सवाल है। हम आत्मा लेने जाते हैं और पता चलता है कि 'डिलीवरी' तो पहले ही हो चुकी है। ये तो वैसा ही हुआ जैसे अमेजॉन का डिलीवरी बॉय पहुँचे और कस्टमर कहे कि 'प्रोडक्ट तो हमें कल ही मिल गया'।₹ एक युवा यमदूत, 'यम-जेन-जी', ने अपना हाथ उठाया, ₹सर, कैन आई सजेस्ट समथिंग? हमें एक नया ऐप लॉन्च करना चाहिए- 'यमराज-ऑन-डिमांड'। जो भी पत्नियाँ अपने पतियों से 'मुक्ति' चाहती हैं, वे इस पर प्री-बुकिंग कर सकती हैं। इससे हमारा शेड्यूलिंग सिस्टम भी ठीक रहेगा और हमें 'सरप्राइज विज़िट' भी नहीं करनी पड़ेगी। हम उन्हें डिस्काउंट कूपन भी दे सकते हैं- 'किल वन हस्बैंड, गेट 50% ऑफ ऑन नेक्स्ट'।₹ चित्रगुप्त ने उसे ऐसी नजरों से घूरा कि यम-जेन-जी ने तुरंत अपना कैमरा ऑफ कर दिया।

# आदर्श युवा ग्राम सभा: जमीनी लोकतंत्र की नई पहल

आदर्श युवा ग्राम सभा पहल का उद्देश्य युवाओं को स्थानीय स्वशासन, ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली और लोकतांत्रिक भागीदारी के मूल्यों से जोड़ना है। इस मंच के माध्यम से छात्रों को शासन के व्यवहारिक पक्ष से अवगत कराते हुए उनमें नेतृत्व, जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना विकसित की जा रही है। यह पहल न केवल युवाओं में नागरिक चेतना जगाती है बल्कि उन्हें नीति निर्माण, निर्णय प्रक्रिया और विकास योजनाओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करती है। यह भारत के ग्रामीण लोकतंत्र में नई ऊर्जा और पारदर्शिता का संचार करने वाला परिवर्तनकारी प्रयास है।



प्रियंका सौरभ

भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य है, जहाँ शासन व्यवस्था की आत्मा जनता की भागीदारी में निहित है। संविधान ने पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण भारत को शासन की बुनियाद से जोड़ा है। लेकिन विडंबना यह रही कि युवा वर्ग, जो किसी भी समाज की सबसे ऊर्जावान और रचनात्मक शक्ति होता है, स्थानीय शासन व्यवस्था से लंबे समय तक अपेक्षाकृत दूर रहा। इस परिप्रेक्ष्य में आदर्श युवा ग्राम सभा पहल एक नई उम्मीद के रूप में उभरी है, जो छात्रों और युवाओं को लोकतंत्र के व्यवहारिक पाठ से परिचित कराते हुए उन्हें सक्रिय नागरिकता की ओर प्रेरित करती है।

यह पहल वास्तव में एक प्रयोगात्मक लोकतंत्र की प्रयोगशाला है, जहाँ छात्र केवल दर्शक नहीं बल्कि प्रतिभागी बनते हैं। यहाँ वे ग्राम स्तर के निर्णयों, पंचायत की कार्यप्रणाली, सामाजिक समस्याओं और विकास योजनाओं को न केवल समझते हैं बल्कि उनमें अपने सुझाव और विचार भी रखते हैं। इस प्रकार यह कार्यक्रम लोकतंत्र को मात्र चुनाव तक सीमित रखने के बजाय उसे निरंतर संवाद, विचार और जिम्मेदारी की प्रक्रिया में परिवर्तित करता है।

भारतीय लोकतंत्र का वास्तविक सार ह्यजन भागीदारीह्ण है। संविधान के अनुच्छेद 40 के अनुसार, राज्य का कर्तव्य है कि वह ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाए। किंतु जब तक समाज का युवा वर्ग इसमें शामिल नहीं होगा, तब तक यह सशक्तिकरण अधूरा रहेगा। आदर्श युवा ग्राम सभा इस कमी को पूरा करती है। इसमें युवाओं को पंचायत की नीतियों, ग्राम विकास योजनाओं, वित्तीय पारदर्शिता और सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श का अवसर मिलता है। इससे उनमें न केवल राजनीतिक जागरूकता आती है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति के प्रति गहरा सम्मान भी विकसित होता है।

युवा वर्ग में शासन की समझ और सामाजिक उत्तरदायित्व का भाव विकसित करना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थिरता के लिए आवश्यक है। यह पहल उस दिशा में एक मजबूत कदम है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि अगली पीढ़ी केवल अधिकारों की मांग करने वाली नहीं, बल्कि दायित्वों को निभाने वाली भी बने। पारदर्शी और उत्तरदायी शासन तभी संभव है जब नागरिक उसकी प्रक्रियाओं को समझें और उनमें भागीदारी करें। आदर्श युवा ग्राम सभा इस दृष्टि से एक प्रेरणादायी मॉडल है। इसमें छात्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठकर योजनाओं की प्राथमिकता तय करते हैं, बजट का विश्लेषण करते हैं और जनकल्याण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हैं। इस तरह लोकतंत्र केवल कागजों में नहीं, बल्कि व्यवहार में उतरता है।

यह पहल ग्रामीण स्तर पर नवाचार को भी प्रोत्साहित करती है। युवा अपनी शिक्षा और तकनीकी समझ के आधार पर ग्राम पंचायतों को आधुनिक समाधान सुझा सकते हैं—जैसे डिजिटल रिकॉर्ड प्रणाली, जल संरक्षण के नए उपाय, अपशिष्ट प्रबंधन के स्थानीय मॉडल आदि। इससे विकास योजनाओं की गुणवत्ता और स्थायित्व दोनों में सुधार होता है। आदर्श युवा ग्राम सभा शिक्षा को केवल पुस्तक ज्ञान तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उसे व्यवहारिक लोकतंत्र से जोड़ती है। छात्रों को ग्राम सभा की बैठकों में शामिल होने, प्रस्ताव रखने और चर्चा में भाग लेने के अवसर दिए जाते हैं। यह अनुभव उन्हें नेतृत्व, संप्रेषण कौशल और निर्णय क्षमता सिखाता है।

वास्तव में, यह पहल नागरिक शिक्षा का सबसे व्यवहारिक रूप है। जब छात्र स्वयं ग्राम विकास के निर्णयों में भाग लेते हैं, तब वे लोकतंत्र शब्द का अर्थ पुस्तकों से नहीं, अनुभव से सीखते हैं। यही वह प्रक्रिया है जो भारत के भविष्य के नेताओं और जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण करती है। सामाजिक समरसता और समावेशन की दिशा में कदम लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी समावेशिता है। आदर्श युवा ग्राम सभा विभिन्न वर्गों, जातियों और लिंगों के छात्रों को एक साझा मंच देती है जहाँ वे समान रूप से भाग ले सकते हैं। यह ग्रामीण समाज में सामाजिक समरसता और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ाती है। विशेष रूप से ग्रामीण बालिकाओं के लिए यह पहल आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का साधन बन सकती है। जब वे सार्वजनिक निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनती हैं, तो परिवार और समाज में उनके विचारों को मान्यता मिलने लगती है। यह परिवर्तन धीरे-धीरे सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने में सहायक हो सकता है। लोकतंत्र के स्थायित्व की आधारशिला भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में नागरिक चेतना और भागीदारी का स्तर ही उसकी सफलता तय करता है। आदर्श युवा ग्राम सभा लोकतंत्र को केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति के रूप में स्थापित करती है। इससे लोकतंत्र ऊपर से नीचे नहीं, बल्कि नीचे से ऊपर की दिशा में मजबूत होता है। इस पहल से यह सुनिश्चित होता है कि अगली पीढ़ी लोकतंत्र के प्रति केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि बौद्धिक और नैतिक रूप से भी समर्पित हो। जब युवा स्थानीय शासन को समझते हैं, उसमें भाग लेते हैं और उसकी कमियों को सुधारने का प्रयास करते हैं, तब लोकतंत्र की जड़ें और गहरी होती हैं। देश के विभिन्न राज्यों में इस तरह की ग्राम सभाएँ प्रारंभिक स्तर पर प्रायोगिक रूप में चल रही हैं। जहाँ भी इन्हें लागू किया गया है, वहाँ ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता बढ़ी है, जनजागरूकता में सुधार आया है और ग्रामीण युवाओं में नेतृत्व की नई लहर देखी गई है। जब विद्यार्थी अपने गाँव की परियोजनाओं, स्वच्छता अभियानों, शिक्षा कार्यक्रमों या स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हैं, तब वे अपने गाँव को केवल निवास स्थान नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का क्षेत्र मानने लगते हैं।

# गंगा स्नान पर्व पर उमड़ा श्रद्धा और उत्साह का सैलाब, खिचड़ी-जलेबी भोज ने खींचा सबका ध्यान

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** कोसी मार्ग स्थित उत्सव पैलेस में सनातन रामलीला कमेटी की ओर से गंगा स्नान के पावन पर्व पर भव्य खिचड़ी एवं जलेबी भोज का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दोपहर तक हजारों लोगों ने स्वादिष्ट प्रसाद का आनंद लिया और भक्तिमय माहौल में डूबे रहे। गंगा स्नान पर्व के अवसर पर जिला पंचायत की ओर से कोसी नदी तट पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं ने श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क प्रसाद वितरण के स्टॉल लगाए, जिन पर लगातार भीड़ उमड़ती रही। कोसी मंदिर परिसर में भी भंडारे का आयोजन हुआ, जहाँ भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मेले में रौनक देखते ही बनती थी—खेल-खिलौनों, झूले, और खानपान की दुकानों पर बच्चों और परिवारों की खासी भीड़ देखने को मिली। मेले का रंगीन माहौल हर किसी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रहा था।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्ट कर श्रद्धालुओं को सही मार्ग दिखाया ताकि कहीं कोई अव्यवस्था न हो। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह स्वयं फोर्स के साथ मेले का निरीक्षण करते रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गंगा स्नान का यह पर्व न केवल आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामूहिक सद्भाव, सेवा और उत्सव का सुंदर उदाहरण भी पेश कर गया। इस मौके पर वीरेंद्र गर्ग, हरीश चंद्र अग्रवाल, सुनील कुमार गोयल, विनोद गुप्ता, ईश्वर सरन, सुभाष चंद्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, राजीव गर्ग, वीरेंद्र जोली, मनोज गर्ग, जुगेश अरोरा, एसपी रस्तोगी, डॉक्टर अनिल कुमार संजीव अग्रवाल, अनिल वशिष्ठ, निक्कू पंडित आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार मोहम्मद असलम को उत्कृष्ट पत्रकारिता कवरेज के लिए किया गया सम्मानित



**वेलकम इंडिया**

**लखीमपुर खीरी।** खीरी टाउन में आयोजित खीरी स्टेट फुटबॉल टूनामेंट के फाइनल मुकाबले के बाद पत्रकार मोहम्मद असलम को उत्कृष्ट पत्रकारिता कवरेज के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान इलेवन स्टार क्लब, खीरी टाउन (उत्तर प्रदेश) की ओर से प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद आली जनाब जफर अली नकवी तथा मौजूदा सांसद उत्कर्ष वर्मा ने पत्रकार मोहम्मद असलम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि खेल भावना और पत्रकारिता दोनों ही समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। टूनामेंट में मीडिया के योगदान की सराहना करते हुए कई अन्य पत्रकारों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

# हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और मंदिरों में पूजा अर्चना कर मनौती मांगी

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर/अहार क्षेत्र के सिद्ध बाबा गंगा घाट और मां अवंतिका देवी गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और मंदिरों में पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। हिन्दू संस्कृति में इस पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है ।इसी उद्देश्य से मंगलवार की शाम से ही श्रद्धालुओं का घाटों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था जो बुधवार दोपहर बाद तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद अपने अपने पूर्वजों को दीपदान विधिवत किए। इसके बाद मंदिरों में पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। श्रद्धालुओं ने एक दर्जन स्थानों पर भंडारों का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया। उपनिरीक्षक गंगा सिंह के नेतृत्व में स्टीमरों में पुलिस सवार होकर श्रद्धालुओं को गहरे जल में स्नान करने से रोकते रहे ।देर शाम तक शांतिपूर्ण ढंग से श्रद्धालुओं का स्नान सम्पन्न हो गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में रात और दिन में पुलिस बल गश्त करता रहा। उन्होंने सपरिवार मां अवंतिका देवी मंदिर में विधिविधान से पूजा अर्चना कर मनौती मांगी और प्रसाद वितरण किया।

# गागलहेडी पुलिस ने दो शातिर चोर सहित एक अभियुक्त को अवैध तमंचे के साथ किया गिरफ्तार





**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर/ गागलहेडी।** गागलहेड़ी थानाध्यक्ष प्रभारी प्रवेश शर्मा के कुशल नेतृत्व में बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए अलग अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल प्राप्त जानकारी के अनुसार गागलहेडी थाना क्षेत्र उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड बॉर्डर पर स्थित काली नदी चौकी प्रभारी सौरभ यादव पुलिस टीम के साथ गस्त के दौरान छपरेडी गांव में टंकी के पास से चाँद उर्फ टुटा पुत्र युसूफ को अवैध तमंचे और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है वहीं दो शातिर चोर आमिर पुत्र नईम व यूनुस पुत्र शब्बीर को मुखबिर की सूचना पर माजरी वाले रास्ते से चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार किए गए तीनो आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पुल निर्माण में देरी पर वैपकोस को कारण बताओ नोटिस



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** लंबे समय से पिंडर नदी पर वैपकोस द्वारा बनाए जा रहे पुल का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी द्वारा वैपकोस को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया है कि उनके द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर भी पुल निर्माण कार्य क्यों पूर्ण नहीं किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की लापरवाही जनहित के कार्यों में अनावश्यक विलंब उत्पन्न करती है। उन्होंने अभियंता से तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो अधिशासी अभियंता वैपकोस के विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं विभागीय कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि पिंडर नदी पर मोटर पुल बनाने के लिए वर्ष 2021 में टेंडर लगा दिए गए थे। कार्यदायी संस्था वॉप्कोश ने फरवरी 2024 तक पुल का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा था। उधर ग्रामीणों ने 25 नवम्बर से आंदोलन की चेतावनी की है।

# पूर्व राज्य मंत्री महावीर सिंह को सम्मानित किया



**वेलकम इंडिया नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में सीनियर जन कल्याण समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व राज्य मंत्री महावीर सिंह को सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता चांद बहादुर सिंह एवं संचालन योगेश कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय योजना के पिछड़ा वर्ग उत्थान सेवा संस्थान द्वारा पूर्व राज्य मंत्री महावीर सिंह किया गया। महावीर सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए डॉ हर्षवर्धन ने बताया कि यह संस्थान ऐसे लोगों को सम्मानित करता है जिन्होंने अपने जीवन में पिछड़ा वर्ग और राष्ट्रीय विकलांग व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में जिन्होंने अंतिम व्यक्ति तक अपना सेवा कार्य पहुंचाया है। उन लोगों को पुरस्कृत करता है। संगठन के अध्यक्ष चांद बहादुर सिंह, सचिव योगेश कुमार शर्मा तथा समस्त सदस्यों द्वारा संगठन के संरक्षक महावीर सिंह को माल्यार्पण, अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह भेंटकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर भीष्म सिंह त्यागी, डॉ हर्षवर्धन, धर्मवीर सिंह, चंद्रपाल सिंह, महिपाल सिंह त्यागी, उमेश चंद्र, राजेश्वर प्रसाद, विजयपाल शर्मा, गजराम सिंह यादव, मूला सिंह, चंद्रभान शर्मा, जयप्रकाश पांडे, विनय पांडे, वीरेंद्र सिंह, राजकुमार, राजपाल सिंह, सुधीर कुमार शर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

# नारी शक्ति संगठन की महिलाओं ने खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** नारी शक्ति संगठन की महिलाओं ने मिलकर कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के उपलक्ष में बुखारा चुंगी के निकट रविदास जी के मंदिर पर खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने कहा कि कार्तिक शुक्ल गंगा स्नान पर खिचड़ी दान करने पर विशेष पुण्य प्राप्त होता है। जिससे जन्म-जन्मान्तर के पापों का नाश होता है और सुख समृद्धि एवं अक्षय मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह दान स्नान और पूजा के माध्यम से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त करने का एक तरीका है। खिचड़ी वितरण करने में संगठन की महामंत्री शिवानी चौहान, उपाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल, निधि वर्मा, राखी गुप्ता, वंदना गुप्ता, मंत्री संतोष, रिंकी मसीह, शिखा गुप्ता, करुणा अग्रवाल मनीषा गुप्ता, कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, मिडिया प्रभारी माही, सदस्य जावित्री, पूजा, ईरा आदि उपस्थित रही।

# आईटीआई कांडा में करियर काउंसलिंग मेला और कौशल विकास गोष्ठी का हुआ आयोजन




**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती समारोह) के अवसर पर जिला प्रशासन एवं सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को आईटीआई कांडा में करियर काउंसलिंग मेला एवं कौशल विकास गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारीऔर ब्लाक प्रमुख ने दीप प्रज्वलित कर किया ।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के आमंत्रित विशेषज्ञों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को कौशल विकास और करियर निर्माण से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान की तथा उनका मार्गदर्शन किया। मेले में जनपद के पॉलिटेक्निक, आईटीआई, महाविद्यालयों एवं विभिन्न माध्यमिक व उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की ।मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने युवाओं से ऐसे आयोजनों का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा देश एवं राज्य के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर उन्होंने सभी को भारतीय मानक ब्यूरो (इकर) द्वारा प्रमाणित मानकीकृत वस्तुओं के प्रयोग की शपथ भी दिलाई। मेले में पशुपालन, कृषि, शिक्षा, मत्स्य, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल, सैनिक कल्याण, सेवायोजन, समाज कल्याण, उद्यान सहित विभिन्न सरकारी विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर युवाओं को रोजगारपरक योजनाओं एवं सरकारी अवसरों की जानकारी दी। कौशल विकास गोष्ठी में आमंत्रित विशेषज्ञों ने छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में करियर संभावनाओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया ।कंसलटेंट साइकोलॉजिस्ट बीना कृष्णन ने करियर प्लानिंग और रूपरेखा पर सारगर्भित व्याख्यान दिया ।इस दौरान राष्ट्रीय कौशल विकास संस्थान के सहायक निदेशक तारक नाथ ने कौशल विकास परिचय, इकोसिस्टम की आवश्यकता एवं करियर निर्माण पर प्रकाश डाला,जबकि जगदीश सिंह, ऑटोमोटिव स्किल डेवलपमेंट काउंसिल, नोएडा से, ने ऑटोमोटिव सेक्टर में स्किल डेवलपमेंट और रोजगार अवसरों की जानकारी दी ।डॉ. दीपक कुमार, डिप्टी सीएमओ, ने मेडिकल क्षेत्र में करियर विकल्पों पर चर्चा की। आरसेटी निदेशक सुखविंदर सिंह ने बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी साझा की।

# श्रद्धालुओं ने रामगंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर।** कालागढ स्थित अफजलगढ बैराज के निकट रामगंगा नदी के घाट पर प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त से ही आस्था एवं श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार एवं समाज के कल्याण के लिए रामगंगा तट पर आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की। बड़ी तादाद में क्षेत्रवासी ट्रेक्टर ट्रॉली, दोपहिया एवं चार पहिया वाहन से मेले में पहुँचे ।बच्चों एवं महिलाओं ने अपनी दैनिक आवश्कता की वस्तुऐं, श्रृंगार सामग्री आदि खरीदी तथा गर्मागर्म जलेबी, पकौड़ी चांट आदि का भरपूर आनंद लिया। मेले में बडी तादाद में दुकाने, झूले आदि लगे हैं। शिवसेना जिलाध्यक्ष चौधरी संजय राणा के नेतृत्व में मेला परिसर में अस्थाई जनसुविधा कार्यालय खोलकर स्वास्थ्य परीक्षण, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था की गई ।समाजसेवी सुरेश बंसल एवं हरिश्चंद्र ध्यानी ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। गंगा स्नान मेले में तीन बजे तक 587 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाई दी गई। साथ ही शुद्ध पेयजल हेतु 6 टैंक जगह जगह खड़े किए गए थे। जिससे श्रद्धालुओं को पेयजल की कोई समस्या न हो। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी जगह जगह शिवसैनिक एवं पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर शिवसेना जिलाध्यक्ष चौधरी संजय राणा, जिला महासचिव डा. सी पी सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनवीर सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिरोही, कालागढ़ नई बस्ती सेग्राम अध्यक्ष एस के मानक, जितेंद्र कुमार, सौरभ शर्मा, पप्पू कुमार, अवधेश कुमार, सुनील कुमार, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, ऋषि राम, भीम कुमार, रफी आदि लोग उपस्थित रहे।



# गुरु नानक जयंती पर इस्सोपुर टील यमुना घाट पर आस्था का सागर, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

वेलकम इंडिया



**कांधला।(मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील स्थित यमुना नदी घाट पर गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर आस्था और श्रद्धा का अनुपम नजारा देखने को मिला। सुबह होते ही गांवों एवं कस्बों से भारी संख्या में श्रद्धालु यमुना किनारे पहुंचे तथा गुरु नानक देव जी की जय-जयकार के मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने पवित्र यमुना नदी में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया।

घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बनी रही। महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे झ सभी अपनी-अपनी बारी का इंतजार करते हुए धैर्य के साथ डुबकी लगाते दिखे। श्रद्धालुओं ने बताया कि गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व सद्भाव, भाईचारा और सेवा का संदेश देता है और इसी भाव से यमुना घाट पर आस्था की डुबकी लगाना उनके लिए आध्यात्मिक अनुभूति है। भीड़ को देखते हुए प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड में रहा। घाट क्षेत्र में पुलिस बल की कड़ी तैनाती की गई, वहीं नदी की धारा और गहराई को देखते हुए गोताखोरों को भी सतर्कता के साथ तैनात रखा गया। पुलिस एवं गोताखोर टीम लगातार नदी के किनारे मॉनिटरिंग करती रही, ताकि कोई हादसा न हो और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। चौकी प्रभारी विक्रम सिंह भाटी ने बताया कि गुरु नानक जयंती पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिस जवान नदी किनारे तथा घाट के रास्तों पर मुस्तैदी से तैनात रहे। उन्होंने बताया कि दिनभर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति के साथ यमुना नदी में पवित्र स्नान किया और पूरा माहौल धार्मिक ऊजाओं से सराबोर रहा।

## महेंद्र श्रीवास्तव मण्डल उपाध्यक्ष और परवेज अख्तर ग्रापए के मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी बने

**संतकबीरनगर।** प्रदेश नेतृत्व के अनुमोदन पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष डॉ. बलराम त्रिपाठी ने विकास खंड सेमरियावा के गांव राउतपार निवासी महेन्द्र श्रीवास्तव को मण्डल उपाध्यक्ष और दुधारा निवासी मुहम्मद परवेज अख्तर को मण्डल प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। इनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी, अतुल सिंह, के. के. निर्भीक, मोहम्मद आफताब आलम अंसारी, जफीर अली, सत्यप्रकाश वर्मा, अतहरूल बारी, मुहम्मद अदनान, मसरूर अहमद, मनव्वर हुसेन, नूर आलम सिद्दीकी, विनोद कुमार भारद्वाज, हरिओम चौधरी, खुर्शीद आलम, उबैदुर्रहमान, तौफीक अहमद, गंगेश्वर मिश्रा, सुभाष मणि त्रिपाठी, महबूब पठान, शिवानंद, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद अहसन, आफताब अहमद आदि ने बधाई दिये हैं।

# पीएम श्री सम्मेलन उच्च प्राथमिक विद्यालय महुआरी में प्रथम द्वितीय सोपान स्काउट गाइड का कार्यक्रम संपन्न

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद संत कबीर नगर अमित कुमार सिंह के आदेश के क्रम में तथा खंड शिक्षा अधिकारी सेमरियावां आशीष कुमार सिंह के निदेर्शानुसार अनुसार पीएम श्री सम्मेलन उच्च प्राथमिक विद्यालय महुआरी में तीन दिवसीय प्रथम द्वितीय सोपान स्काउट गाइड का कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हुआ।

समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि आलम अली शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक कार्यक्रम का समापन किया ।बच्चों की प्रतिभागियों की सराहना करते हुए स्काउट गाइड के नियम को आजीवन पालन करने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में स्काउट की पांच और गाइड की चार टोलियों ने प्रथम दिवस में प्रार्थना झंडा गीत नियम प्रतिज्ञा कराई गई। स्काउटिंग का संक्षिप्त इतिहास पर चर्चा की गई। दूसरे दिन में गांठ बंधन मार्च पास्ट सैलूट बाया हाथ मिलाना सिखाया गया। अंतिम दिवस में टेंट बनाकर बिना बर्तन के भोजन कार्यक्रम पर कार्यक्रम को अंजाम दिया गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षक जिला स्काउट मास्टर मनोज कुमार अनिल, आनंद प्रकाश, रेनू अग्रहरि जिला गाइड कैप्टन जिला प्रशिक्षण आयुक्त अमरेश बहादुर सिंह के द्वारा बच्चों को स्काउट की विभिन्न जानकारियां दी गई ।इसमें कब बुलबुल का भी विशेष योगदान रहा।

बुलबुल के बच्चों ने प्रार्थना और झंडा गीत के साथ-साथ ट्री का निर्माण कर विभिन्न प्रकार की कार्यक्रम सीखे इसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के साहसिक क्रियाकलाप में हिस्सा लिया। इस अवसर पर आनंद प्रकाश अशोक कुमार श्रीवास्तव पंकज कुशवाहा श्रीमती वीर सिंह मिश्रा सोहनलाल श्री बाबूलाल अब्दुल रहमान सममू बेगम वहीदा खातून के मिथुन कुमार तथा अन्य ग्रामीण में उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेला के दौरान बिड़हरघाट का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** बुद्धवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेला के दौरान संयुक्त रुप से थाना धनघटा अन्तर्गत बिड़हरघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेला के दौरान ड्यूटी में लगे अधि0/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा मेला स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया गया । कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत मंदिर मेला प्रबंधन व उपस्थित अधि0/कर्मचारीगण से वार्ता किया गया । उन्होंने श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन, रूट डायवर्जन, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं सहित कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों से तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी धनघटा सुनील कुमार, क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जयप्रकाश दूबे, पीआरओ पुलिस अधीक्षक पी0के0 गुप्ता सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में गुरु पर्व पर विशेष कार्यक्रम



**कांधला।** नगर के मोहल्ला शेखजादगान स्थित संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय में गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों को उनके जन्म, जीवन परिचय तथा सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी रोचक तरीके से दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं गुरुवंदना से हुआ। बच्चों ने ह्यगुरु नानक देव का जीवन,विषय पर आधारित नाटक, भजन व कविता की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। शिक्षकों ने बताया कि गुरु नानक देव ने समाज को सेवा, समानता, भाईचारे और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा अंधविश्वास व सामाजिक भेदभाव का विरोध किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य कुमारी रंजना मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का सम्पूर्ण जीवन मानवता, एकता और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा, इसलिए उनके बताए सिद्धांत आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से देश में एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम का समापन सहभागियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं और ह्यवाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेहह्न के जयकारों के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक क्षितिज मित्तल, प्रबंध कार्यकारिणी तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### पैसे के लेनदेन को लेकर युवक की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ देहात पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम असौड़ा निवासी अरमान की हत्या की घटना में संलिप्त एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है ।थाना हापुड़ देहात पुलिस ने बताया कि अभियुक्त को गौशाला चौराहा के पास ग्राम असौड़ा से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान अमन पुत्र तौहीद निवासी ग्राम असौड़ा, थाना हापुड़ देहात, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से आलाकत्ल चाकू बरामद किया है ।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त अमन ने अपने छोटे भाई के साथ मिलकर पैसों के लेनदेन को लेकर अरमान की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। घटना के संबंध में थाना हापुड़ देहात पर मु.अ.सं. 375/25 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत है ।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

# डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़ा बदबूदार कूड़ा बांट रहा बीमारियां

वेलकम इंडिया



**कांधला।(मोहसीन रहमानी)** क्षेत्र के गंगेरू मार्ग पर पालिका प्रशासन के द्वारा बनाया गया डंपिंग ग्राउंड राहगीरों ओर ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबक बना हुआ है। शिकायत के बाद भी पालिका के कर्मचारी कूड़े को डंपिंग ग्राउंड में न डालकर सड़क के किनारे डाल रहे हैं ।पालिका प्रशासन के द्वारा कस्बे के गंगेरू मार्ग पर कूड़ा डाला जाता था, जिसके चलते आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

कस्बे के लोगों की मांग पर पूर्व पालिका अध्यक्ष हाजी वाजिद हसन के द्वारा लाखों रुपए की कीमत से डंपिंग ग्राउंड का निर्माण कराया गया था। डंपिंग ग्राउंड का निर्माण होने के बाद राहगीरों और कस्बे के लोगों ने राहत की सांस ली थी। आरोप है कि पालिका में तैनात सफाई कर्मचारी कस्बे से कूड़ा उठाकर डंपिंग ग्राउंड में न डालकर डंपिंग ग्राउंड के बाहर कूड़े को डाल रहे हैं।

डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़े कूड़े के ढेर से निकलने वाली बदबू ने कस्बे के लोगों और गंगेरू मार्ग पर चलने वाले राहगीरों का जीना मुहाल कर रखा है। क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी संजीव ने जिला अधिकारी को शिकायत करते हुए डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़े बदबूदार कूड़े को डंपिंग ग्राउंड में डाले जाने की मांग की थी, लेकिन पालिका प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वर्तमान पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने भी चुनाव में कस्बे के लोगों से वादा किया था कि वह कस्बे को पेरिस बना देंगे। कस्बे में जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेर और डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़ा बदबूदार कूड़ा लोगों में बीमारियां बांटने का काम कर रहा है। कस्बे के लोगों का कहना है कि कस्बे को पेरिस बनाने वाले पालिका अध्यक्ष अब ज्यादातर समय दिल्ली में बिताते हैं।

## पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध चाकू सहित किया गिरफ्तार



**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिम्भावली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है ।थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा, जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है ।थाना प्रभारी सिम्भावली ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है।

# पूर्व छात्र नेता अंकुर उपाध्याय के हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** पूर्व छात्र नेता और बागेश्वर संघर्ष वाहिनी सदस्य अंकुर उपाध्याय पर घात लगा कर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ़्तारी सख्त धाराओं में मुकदमे की मांग को लेकर संघर्ष वाहिनी बागेश्वर के लोग जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में कोतवाली पहुँचे ।जहां उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। कोतवाल अनिल उपाध्याय ने पूर्व में सांकेतिक धरना प्रदर्शन के ऐलान से पहले ही संघर्ष वाहिनी को मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ।कोतवाल अनिल उपाध्याय ने बताया कि हमले में मुख्य आरोपी जीवन कनौली, पवन दानू, विनोद दानू और एक अन्य आरोपी के खिलाफ धारा 118(1),351,(2)352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। जिसमे बाद में जांच के बाद मेडिकल रिपोट के आधार पर धारा 325 और बड़ा दी गयी हैं। कानूनी प्रावधान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है ।पुलिस पर्याप्त साक्ष्य जुटाने में लगी है।

# 41 दिवसीय साधना कर बाहर आये महंत राधामोहन दास



वेलकम इंडिया

**झांसी।** ग्वालियर रोड स्थित कुंजबिहारी मंदिर पर देश दीपावली एवं रास पूर्णिमा पर प्रातः से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गयी। भोर की पौ फटते ही जैसे-जैसे भगवान भास्कर ने आसमान से जमीन पर अपनी किरणें बिखेरी ठीक उसी गति से श्रद्धालु भी मंदिर परिसर में एकत्रित होते गये। थोड़े ही देर में भारी संख्या में श्रद्धालु नर-नारियां कुंजबिहारी मंदिर में एकत्रित हो गये। मौका था गुरुदेव भगवान के दर्शनों का। इस मौके का हर कोई अलभ्य लाभ लेना चाहता था। स्मरण रहे कि शारदीय नवरात्रि से शुरू हुई बुन्देलखण्ड धमार्चार्य महंत राधामोहन दास महाराज अपनी 41 दिवसीय एकांत साधना पूर्ण कर बुधवार को साधना कक्ष से बाहर निकले। साधना कक्ष से महंत के बाहर आते ही श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करते हुए अपने गुरुदेव के दर्शन किये।

साधना कक्ष से आते ही महंत राधामोहनदास ने अखण्ड ब्रह्माण्ड नायक भगवान कुंजबिहारी जू एवं उनकी प्राण प्रियतमा राधारानी जू की महाआरती उतारी। इस अवसर पर मंदिर में विविध धार्मिक आयोजनों के साथ मंगल गीत गाये गये।

# हाईवे पर बने गड्ढे में गिरी बाइक तीन बच्चों सहित पांच घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला।(मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर गांव खंद्रावली के निकट बाइक असंतुलित होकर गड्ढे में गिर गई। बाइक के गड्ढे में गिरने से बाइक सवार दो व्यक्ति व दो मासूम मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने चारों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने चारों घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी है।

थानाभवन थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी निवासी फरमीद अपने रिश्तेदार के ही शमीम व अपने 13 वर्षीय वसीक, 12 वर्षीय पुत्री सुमायला के साथ बाइक पर सवार होकर अपने रिश्तेदारी में कांधला आ रहे थे, जैसे ही बाइक सवार क्षेत्र नेशनल हाईवे स्थित गांव खंद्रावली के निकट पहुंचे तो हाईवे में हो रहे जगह-जगह गड्ढो के कारण बाइक एक गड्ढे में जा गिरी बाइक के गड्ढे में गिरने से बाइक सवार दोनों व्यक्ति और दोनों मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी।

108 एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर चारों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायलों का उपचार करने के बाद चारों घायलों को छुट्टी दे दी है ।दुसरीऔर कस्बे के कैराना मार्ग सब्जी मंडी के निकट कस्बा निवासी राशिद के 10 वर्षीय पुत्र दुल्ली को कार चालक ने टक्कर मार दी राहगीरों ने उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है ।चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि, दो व्यक्ति वह दो मासूम बच्चे घायल अवस्था में अस्पताल में पहुंचे थे चारों को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी है चारों खतरे से बाहर हैं।

## किसान ने थाने पर की शिकायत, रुपए दिलवाने की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी एक किसान ने अपने गांव के ही दूसरे किसान पर उसके रुपए नहीं देने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी किसान कासिम पुत्र इस्लाम ने बताया कि उसने अपने गांव के ही एक किसान को अपनी कृषि भूमि ठेके पर दी थी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने फसल उगाने के बाद काट ली और अब पीड़ित के ठेके के रुपए नहीं लौटा रहा है। पीड़ित जब अपने रुपयों की मांग करते हैं तो आरोपी उसके साथ गाली गलौज व मारपीट पर उतारू हो जाता है। बुधवार को पीड़ित किसान ने थाने पर पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# हवा में हथियार लहराते युवाओं की बढ़ती हीरोपंती, फोटो वायरल

वेलकम इंडिया



**कांधला।(मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो वायरल करने का ट्रेंड इन दिनों युवाओं में खतरनाक तरीके से तेजी पकड़ता जा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि मानों कुछ युवा हथियार से जुड़े फोटो और रील बना कर खुद को ह्यहीरोह्न साबित करना चाहते हैं। बीते दिनों एक युवक का तमंचे के साथ फोटो वायरल हुआ था। उस वायरल प्रकरण में युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि फिर से एक युवक का हवा में हथियार लहराते हुए फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर धड़ल्ले से वायरल हो गया है।

वायरल होती इस नई फोटो में युवक एक रिवॉल्वर को हवा में लहराकर भारी भीड़ के बीच जश्न मनाता हुआ दिखाई दे रहा है। तस्वीरों में हथियार दिखाने की यह शैली ना केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बनती जा रही है, बल्कि समाज में गलत और खतरनाक माहौल तैयार कर रही है। युवाओं में यह गलत सोच विकसित होती जा रही है कि हथियार दिखाने से उनका रौब बढ़ता है और लोग उन्हें चुनौती नहीं दे पाएंगे। जबकि हकीकत बिल्कुल इसके उलट है, ऐसी हीरोपंती कुछ ही मिनटों में पुलिस केस, जेल, बदनामी और भविष्य के पतन में बदल जाती है ।फिलहाल पुलिस इस वायरल फोटो को गंभीरता से लेते हुए तथ्य खंगालने में जुट गई है कि फोटो किस जगह लिया गया, किस कार्यक्रम में बनाया गया, हथियार वैध लाइसेंसी हथियार है या अवैध माध्यम से हासिल किया गया है ।गौरतलब है कि सोशल मीडिया की चमक-दमक और बाहरी दिखावे की इस ह्यहीरोपंतीह्न का परिणाम अंत में युवाओं के भविष्य को ही नुकसान पहुंचाता है। कुछ सेकेंड का स्टेटस, कुछ घंटों की वायरलिटी और लाइक्स की संख्या के लालच में युवक अपने कैरियर, प्रतिष्ठा और जिंदगी की दिशा को दांव पर लगा देते हैं।

# इलेवन स्टार कप स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल सम्पन्न हुआ

वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम



**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी के ऐतिहासिक कलर ग्राउंड में ओलंपिक संघ उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त इलेवन स्टार कप 2025 स्टेट फुटबॉल टूनार्मेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। फाइनल में सिंगाही और गोला की टीमें आमने-सामने रहीं। दमदार प्रदर्शन करते हुए सिंगाही भूमि स्पोर्टिंग क्लब ने खिताब अपने नाम किया ।फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के सांसद उत्कर्ष वर्मा तथा पूर्व मंत्री एवं सांसद जफर अली नकवी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अगुवाई नगर पंचायत कस्बा खीरी की चेयरपर्सन उज्मा बी के प्रतिनिधि फहीम अहमद द्वारा की गई। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दोनों टीमों का उत्साहवर्धन किया तथा विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए।

इस दौरान थाना अध्यक्ष निराला तिवारी भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतीक अहमद उर्फ बाबा, मुफीद अहमद, रफी बरकाती, अकील खान, तथा टूनार्मेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष हाजी अब्दुल जलील खान सहित सभी समिति सदस्य उपस्थित रहे ।पूरे टूनार्मेंट के सफल संचालन में नगर पंचायत चेयरपर्सन उज्मा बी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि फहीम अहमद एवं उनके सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच पर नगर पंचायत के सदस्यगण के साथ-साथ प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के क्रिएटर्स भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# महापौर ने काशीराम आवास में 100 केएलडी एसटीपी निर्माण का किया शिलान्यास

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** महापौर अशोक कुमार तिवारी ने काशीराम आवास कॉलोनी में 100 केएलडी प्रतिदिन क्षमता का एसटीपी निर्माण हेतु काशीराम आवास कालोनी में चिन्हित स्थान पर भूमिपूजन किया गया तथा नारियल फोड़ कर विधिवत शिलान्यास किया गयो यह कार्य सी0एस0आर0 फंड के अंतर्गत कोटक महिंद्रा बैंक के द्वारा किया जा रहा है इस एसटीपी के निर्मित होने से कशीराम आवास कालोनी के एक ब्लाक में अवस्थित 1000 फ्लैटों से निकलने वाले मलजल का निस्तारण किया जाएगा जिससे तीन हजार नागरिकों को लाभ प्राप्त होगा।

आधुनिक तकनीक से निर्मित यह एसटीपी से शोधित जल का पुनः उपयोग पार्कों में एवं अन्य कार्यों के लिए किया जाएगो कोटक महिन्द्रा बैंक के उत्तर प्रदेश के रिजीनल हेड अंकुर खरे के द्वारा महापौर को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गयो कार्यदायी संस्था बेंगलुरु की डीडी इंडिया के सीनियर मैनेजर अदिति पांडेय के द्वारा बताया गया कि लगभग ढाई करोड़ रुपए की लागत से यह एसटीपी आगामी 31 मार्च 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगो शिलान्यास के पश्चात मा0 महापौर के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में चतुर्दिक विकास हुआ है चाहे वह गरीबों के आवास आवंटन हो,चिकित्सा क्षेत्र में टाटा कैन्सर संस्थान, सड़कें,सफाई सहित अनेक कार्य किये गये हैं उन्होने कहा कि काशीराम आवास गरीबों के लिये महत्वपूर्ण योजना थी परन्तु सीवर जल निकासी की व्यवस्था नही की गई थी जो आज मूर्त रूप ले रही है महापौर ने इस अवसर पर कोटक महिन्द्रा बैंक को इस कार्य हेतु धन्यवाद दिया गया। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के द्वारा निर्माण क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा शेष बचे दो अन्य ब्लाकों में भी इसी प्रकार के एस0टी0पी0 का कार्य योजना बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया । शिलान्यास के इस अवसर पर भाजपा के विधानसभा उत्तरी संयोजक अरविन्द सिंह, पार्षद अशोक मौर्य, मदन मोहन दूबे, बलिराम कन्नौजिया, संदीप रघुवंशी, रोहित मिश्र, पूर्व पार्षद दिनेश यादव, दीपक सिंह, संदीप त्रिपाठी, सुनील सोनकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविन्द सिंह पिंकू, जितेन्द्र मिश्रा, सोनू राय, सचिन सोनकर, शेषनाथ यादव, महाप्रबन्धक जलकल अनूप सिंह, कोटक महिन्द्रा बैंक के सर्किल मैनेजर संदीप मिश्रा, शाखा प्रबन्धक शशांक शेखर, सर्किल मैनेजर सोनल सिंह आदि उपस्थित थे।

## पचास हजार का इनामी भाजपा नेता हुआ गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** जिले के वांछित ईनामी अभियुक्त भाजपा नेता को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पच्चास हजार रुपए इनाम घोषित भाजपा नेता देवदत्त शुक्ला पर है भाजपा नेता देवदत्त शुक्ला के जिला से लेकर राज्य स्तर के कई भाजपा पदाधिकारियों के अच्छे संबंध रहे हैं भाजपा नेता देवदत्त शुक्ला की जिले के पूर्व सांसद से लेकर राज्य के उपमुख्यमंत्री के साथ तस्वीर वायरल होने से जिले में तरह तरह की चर्चा है, इनामी घोषित होने के चौबीस घंटे के भीतर वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी से लोगों में यह चर्चा है कि इस गिरफ्तारी के पीछे जिले के कई बड़े नेताओं का संरक्षण है और उन्हीं नेताओं के संरक्षण में यह इनामी अभियुक्त था उन्हीं नेताओं ने प्लानिंग कर देवदत्त शुक्ला की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई है इससे यह साफ है कि पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं भ्रष्टाचार मुक्त और सुशासन की बात करने वाले भाजपा नेता भी इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं जैसे उनके मुंह में दही जम गई है।

# प्रकाश पर्व पर आयोजित गुरु नानक जयंती उत्सव की भव्यता

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर इस वर्ष श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व झांसी में हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस शुभ दिन पर पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत, झांसी द्वारा गुरुद्वारे में सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के जन्मदिन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सैकड़ों श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुए।

इस पावन अवसर पर श्री गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजनों का क्रम प्रातः से ही प्रारंभ हो गया। श्रद्धालुओं ने संगत में एकत्रित होकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को नमन किया, कीर्तन श्रवण किया तथा लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

प्रातः पूज्य सिंधी पंचायत भवन में सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन हुआ। तत्पश्चात अखंड पाठ साहिब के सात दिवसीय आयोजन का समापन हुआ, जिसमें श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने श्री गुरु नानक देव जी के उपदेशों से प्रेरित भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए।

सात दिनों से चल रही प्रभात फेरी का समापन अध्यक्ष हरीश हासानी जी के निवास पर संपन्न हुआ। प्रभात फेरी के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस आयोजन ने संपूर्ण शहर में आध्यात्मिकता और भक्ति का वातावरण निर्मित किया। इस अवसर पर झांसी के पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव ने विशेष रूप से भाग लिया और संगत के साथ गुरु नानक देव जी का जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी समाज को प्रेम, एकता और समर्पण का मार्ग दिखाती हैं। उनका जीवन हमें मानवता की सेवा और ईमानदारी से जीवन जीने की प्रेरणा देता है। पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के अध्यक्ष हरीश हासानी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए समाज में शांति, एकता और समृद्धि का संदेश दिया तथा सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## सार संक्षेप

### गलत बिल बनाकर जेब पर मारा करंट, एसडीओ पर लगे आरोप

**मेरठ।** ग्राम अजराड़ा निवासी युवक ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के उपखंड अधिकारी-द्वितीय, हापुड़ हिमांशु सचान पर गलत तरीके से बिजली बिल वसूलने और मामले को जानबूझकर लंबित रखने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि कनेक्शन संख्या 4501805000 का बकाया बिल 71 हजार रुपए था, जिसे जमा कराने के बाद भी अधिकारी ने बिल बढ़ाकर 83 हजार दिखाया और डेढ़ माह तक पीडी प्रक्रिया लंबित रखी। लगातार दफ्तर के चक्कर लगाने के बाद 23,324 रुपए की अंतिम रसीद 25 जून को जारी की गई। पीड़ित का कहना है कि अधिकारी की मनमानी से उसे आर्थिक व मानसिक नुकसान हुआ। उसने प्रबंध निदेशक से निष्पक्ष जांच और हिमांशु सचान को पद से हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी विभागीय भ्रष्टाचार पर नाराजगी जताते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की।

### ओंकार यादव ने एनडीए प्रत्याशी पुराण लाल टुडू के समर्थन में कार्यकताओं के साथ की बैठक



**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 आज पहला चरण में 121सीटों पर मतदान होना है 11 अक्टूबर को दूसरा चरण मतदान होना है ऐसे में बांका जिला के कटोरियां विधानसभा में ठऊअ के प्रत्याशी पुराण लाल टुडू के समर्थन में जदयू के राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य प्रसिद्धि समाज सेवक औंकार यादव ठऊअ कार्यकर्ता के साथ बैठक किया गया और आगमी 11 अक्टूबर को ठऊअ के प्रत्याशी को कटोरियां विधानसभा से जीताकर पटना भेजने का संकल्प लिया गया। मौके पर चांदन प्रखंड के पूर्व प्रमुख पलटन यादव, कटोरियां प्रखंड के पूर्व प्रमुख बालेश्वर यादव, इमारबारन के मुखिया उर्मिला देवी तमाम कार्यकता मौजूद रहे।

### गंगा उत्सव के उपलक्ष में जिले में हाफ मैराथन का आयोजन हुआ



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**


**हापुड़।** जनपद में जिला गंगा समिति हापुड़ के निर्देश अनुसार गंगा उत्सव के उपलक्ष में आज जिले में हाफ मैराथन महिला एवं पुरुष वर्ग का आयोजन किया गया जिसमें पुरुष वर्ग के लिए 5 किलोमीटर और महिला वर्ग के लिए 3 कि की रेस कराई गई उप क्रीड़ा अधिकारी अरुणा के द्वारा झंडी दिखाई गई। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि डॉक्टर विकास गोयल क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा एवं प्रदेश मंत्री क्रीड़ा भारती एवं प्रिंस पंडित हॉकी सचिव हापुर एवं खेल मंत्री के सहयोगी के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।इसमें विजेता खिलाड़ी पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान तुषार द्वितीय स्थान आकाश तृतीय एवं चौथे स्थान शेखर ने प्राप्त किया।महिला वर्ग में प्रथम स्थान पलक दूसरा स्थान कनिका तृतीय स्थान साक्षी और चतुर्थ स्थान कनिष्क पाल ने प्राप्त किया मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें दिशा निर्देश दिए और जीवन में सफल होने के लिए खेलना बहुत आवश्यक है।इस अवसर पर खेलो इंडिया एथलीट कोच तनवीर शैंकी ,ताई कमांडो कोच सौरव आदि मौजूद रहे।

### ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने दरोगा को किया निलंबित

**बुलंदशहर।** थाना छतारी पर नियुक्त उ0नि0 ना0पु0 बंगाली सिंह को जनपद हापुड में गढगुक्तेश्वर गंगा स्नान मेले में शान्ति/कानून व्यवस्था एवं यातायात ड्युटी हेतु दिनांक 24-10-2025 को जनपद बुलन्दशहर से अस्थाई पुलिस लाईन गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड के लिए रवाना किया गया था। परन्तु उक्त उ0नि0 द्वारा दिनांक 04-11-2025 तक अस्थाई पुलिस लाईन गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड में अपनी आमद नही करायी गयी।

# मांट निवासी गोपाल अग्रवाल बने श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के प्रदेश मंत्री

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** मांट निवासी गोपाल अग्रवाल को श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास मथुरा में प्रदेश मंत्री बनाकर अहम पद दिया गया है। इससे पहले वो जिला मीडिया प्रभारी पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। बुधवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा (फलाहारी बाबा) की सहमति से राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) अश्वनी कुमार शर्मा ने इसकी विधिवत घोषणा की। दिनेश शर्मा फलाहारी जन्मभूमि मुक्ति के लिए तन मन धन से जुटे हुए है, वह कई वर्षों से नंगे पैर रहकर भगवान की सेवा में लगे हुए हैं।

प्रदेश मंत्री गोपाल अग्रवाल ने बताया कि सनातन की लड़ाई में हमें एकजुट होकर जन्मभूमि को मुक्त कराना है। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। गोपाल अग्रवाल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# सुभाष शाखा का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** सुभाष शाखा शिवाजीनगर का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रप्रकाश सिंह, महानगर बौद्धिक प्रमुख झांसी महानगर और अध्यक्षता श्रीरामकेश, प्रांत कार्यवाह कानपुर प्रांत ने की। इस अवसर पर शाखा के स्वयंसेवकों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

इस वर्ष वार्षिकोत्सव में गणवेश के उपस्थित स्वयंसेवकों ने वर्ष भर शाखा में किए जाने वाले क्रियाकलापों की प्रस्तुति दी । स्वयंसेवकों ने पूर्ण जोश के साथ आसान, योग, समता, एकल गीत, एवं अमृत वचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ0 चंद्रप्रकाश ने सामाजिक समरसता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच परस्पर सहयोग और सद्भावना स्थापित करना राष्ट्र निर्माण की मूल भावना है। सामाजिक एकता ही समाज को शक्ति, संतुलन और प्रगति की ओर अग्रसर करती है। संघ की पंच परिवर्तन यात्रा में सामाजिक समरसता प्रमुख स्थान रखती है, जिससे समाज में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित होती है।

समाज के प्रति स्वयं के कर्तव्य पर जोर देते हुए कहा कि स्वयंसेवकों को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाई। उन्होंने बताया कि जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए अनुशासन, ईमानदारी, और दैनंदिन जीवन में राष्ट्रभक्ति का परिचय देना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे। प्रमुख अतिथियों के संबोधन ने सभी में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम में स्थानीय समाज के गणमान्य नागरिकों की सहभागिता कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण बनी। कार्यक्रम में सुरेश पुरोहित, जगदीश कटारे, मनोज गुप्ता, मुन्नालाल साहू, रामस्वरूप राय सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## नकली बैनामा कर दबाव बनाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर।** नगीना कस्बा की निवासी श्रीमती मिनाक्षी सैनी पत्नी स्वर्गीय राहुल सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मोहल्ला आजाद कॉलोनी निवासी वीरेन्द्र सैनी, मोहल्ला लालसराय निवासी प्रहलाद कुमार कुशवाह तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके पति राहुल सैनी पर दबाव बनाते हुए बिना पैसे दिए जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया। इसके बाद लगातार प्रताड़ित करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे परेशान होकर उसके पति ने आत्महत्या कर ली तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वीरेन्द्र सैनी पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह निवासी मोहल्ला आजाद कॉलोनी लाइनपार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अजीत कुमार, सिपाही सुक्रमपाल राणा, हेड कांस्टेबल वरुण तथा कांस्टेबल सचिन कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# सियासी कुर्सी की लालच नें महागठबंधन को बनाया सनातन विरोधी : वरिष्ठ अधिवक्ता अजय सिंह (बागी)

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में सभी पार्टियां जीत हासिल करने में अपनी ताकतें झोंक रही हैं तो वहीं महागठबंधन अपनी पूरी ताकत सनातन धर्म के विरोध में प्रचार प्रसार करने में झोंके जा रही है बीते दिनों पूर्व आरजेडी के एक प्रत्याशी द्वारा लगातार सनातन धर्म के विरोध में टिप्पणियां की जा रही है और वही श्री राम जन्मभूमि पर नवनिर्मित श्री राम मंदिर के विरोध में खुलकर बातें की जा रही है और जिसका परिणाम उनको सभी चुनाव में देखने को मिलता है जब विपक्ष के एक नेता द्वारा कहा जाता है कि छठ पूजा एक ड्रामा मात्र है तो कहीं यह भी उपदेश दिया जाता हैं कि हिन्दूओं को क्रिसमस जैसे त्योहारों से सीख लेनी चाहिए।

वरिष्ठ अधिवक्ता अजय सिंह (बागी) ने इस विषय पर अपनें विचारों को रखते हुए कहा कि ऐसी बातों से यह स्पष्ट है कि विपक्ष किस प्रकार की राजनीति करना चाहता हैं और किस प्रकार से सरकार चलाना चाहता हैं। विपक्ष का सनातन विरोधी बातें करना संविधान के विरोध में बातें करने जैसा ही है पार्टी कोई भी हो किसी के धर्म, आस्था और विश्वास को ठेस पहुंचाकर और उनको अपना चुनावी हथियार बनाकर वोट नहीं मांगना चाहिऐ

अधिवक्ता कुँवर आयुष सिंह ने कहा कि भारत जैसे राष्ट्र में और बिहार जैसे प्रदेश में सनातन विरोधी बातें कर चुनाव जीतने का प्रयास करना कदाचित गलत है और इस प्रयास से विपक्ष को बिहार विधानसभा चुनाव में सफलता प्राप्त करने की संभावना शून्य से भी कम हैं विपक्ष धर्म पर राजनीति न करके हिन्दू धर्म के विरोध में राजनीति करने का लगातार प्रयास कर रही है और इससे विपक्ष को थोड़ा भी लाभ लाभ नहीं मिलेगा बल्कि भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा ।

## मेला में झूला टूटने से एक बच्ची की मौत

**रामघाट/बुलन्दशहर।** रामघाट पर लगे कार्तिक मेले में बुधवार को हादसा हो गया। डिबाई ब्लाक क्षेत्र के गंगा नदी रामघाट पर लगे मेले में शाम करीब 6 बजे अचानक एक झूला टूट गया। झूले में कई बच्चे सवार थे। हादसे में 7 वर्षीय बच्ची हिमांशी पुत्री भानु निवासी रामघाट की मौत हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए हैं। जिसमें नीरज पत्नी शशिकांत यादव निवासी रतुआ नगला महाराजपुर करण पुत्र वेद प्रकाश निवासी रामघाट जितेंद्र पुत्र करू निवासी रामघाट डब्बू पुत्र हेतराम निवासी रामघाट दीक्षा पुत्री नरेश निवासी रतुआ नगला महाराजपुर हादसे घायल हो गए हादसे की चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते एसपी देहात तेजवीर सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली मृतक लड़की का पोस्टमार्टम कराने के लिए बुलंदशहर भेज दिया घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

# मिशन शक्ति: मेरठ पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक



**वेलकम इंडिया**

**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत मेरठ पुलिस ने बुधवार को महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों व सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया।

एसपी अपराध अवनीश कुमार के निर्देशन में एंटी रोमियो टीम, शक्ति दीदी व महिला बीट पुलिस ने स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और गांवों में जाकर महिलाओं को 1090, 112, 181, 1076, 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग बताए।

साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला, विधवा व वृद्धा पेंशन, और निराश्रित महिला योजना जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई।

टीमों ने गुड टच-बैड टच, पास्को एक्ट, बाल श्रम और साइबर अपराध से बचाव के प्रति भी जागरूक किया। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और समाज में सुरक्षा का माहौल बनाने में मददगार हैं।

## मेले से लोटते समय लोगों के ट्रैक्टर को रोकने पर विरोध

# लात-घूंसों से पुलिसकर्मियों पर हमला और पुलिस की वर्दी भी फटी

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के गढ़ में कार्तिक पूर्णिमा मेले से लौट रहे श्रद्धालुओं में से कुछ युवकों ने नक्का कुआं रोड पर पुलिस पर हमला कर दिया। मामला बाग कॉलोनी के सामने बने डिवाइडर कट का है, जहां पुलिस यातायात को नियंत्रित करने में लगी थी। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने पर कुछ लोगों ने अचानक पुलिस टीम से नोकझोंक शुरू कर दी, जो कुछ ही मिनटों में मारपीट में बदल गई।

पुलिसकर्मी नक्काकुआं रोड पर जाम से बचाव के लिए वाहनों को एक दिशा में कर रहे थे। इसी बीच एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार दर्जनों लोग, जो गंगा मेले से लौट रहे थे, जोकि पुलिसकर्मियों से उलझ गए।

पुलिसकर्मियों के द्वारा ट्रैक्टर को रोकने पर उन्होंने विरोध करना शुरू कर दिया और देखते ही देखते लाठी, लात-घूंसों से पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया।जिसमें पुलिसकर्मियों की वर्दी तक फट गई।पुलिस ने जाम की स्थिति न बने, इसके लिए पुलिस ने नक्का कुआं रोड पर कट के पास वाहनों को नियंत्रित कर रही थी। ट्रैक्टर रोकने की यही कार्रवाई कुछ लोगों को नागवार गुजरी, जिसके चलते यह हमला हुआ। फिलहाल पुलिस हमला करने वाले आरोपियों में से कई लोगों को हिरासत में ले लिया है।ओर आगे की कार्यवाही करने में जुटी हैं।

# प्रदेश में 8 से 11 नवंबर तक चार दिनों के लिए जमीन की रजिस्ट्री का काम पूरी तरह बंद

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश में जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े लोगों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। प्रदेश में 8 से 11 नवंबर तक चार दिनों के लिए जमीन की रजिस्ट्री का काम पूरी तरह बंद रहेगा। इस अवधि में भूमि रजिस्ट्री की ऑनलाइन प्रक्रिया प्रभावित रहेगी और कोई भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं किया जाएगा। स्टांप एवं निबंधन विभाग की महानिरीक्षक (कऋ) निबंधन, आईएएस नेहा शर्मा ने इस संबंध में सभी सहायक महानिरीक्षकों को आदेश जारी किया है।

यह निर्णय निबंधन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल को ठकउ द्वारा संचालित मेघराज क्लाउड सर्वर से नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड पर स्थानांतरित करने के तकनीकी कार्य के कारण लिया गया है। इस माइग्रेशन प्रक्रिया के चलते चार दिनों तक भूमि पंजीकरण प्रक्रिया बाधित रहेगी। इस दौरान ऑनलाइन लेख पत्र पंजीकरण और उन पर आधारित आवेदनों की प्रोसेसिंग अस्थायी रूप से रुक जाएगी। प्रदेश के किसी भी जिले में न तो ऑनलाइन रजिस्ट्री हो सकेगी और न ही उससे संबंधित किसी तरह के नए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। विभाग ने सभी जिला अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जनता को इसकी स्पष्ट जानकारी मिले, ताकि उन्हें कार्यालयों में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। सिद्धार्थनगर के सहायक महानिरीक्षक निबंधन ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने बताया जो लोग इन दिनों अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवाने की योजना बना रहे थे, उन्हें अब इसके बाद की तारीख पर स्लॉट बुक करना होगा। सूत्रों के अनुसार, सर्वर को नई क्लाउड प्रणाली पर स्थानांतरित करने के बाद रजिस्ट्री से जुड़ी प्रक्रिया भविष्य में और अधिक तेज, सुरक्षित और पारदर्शी होने की उम्मीद है। इसे सरकारी डेटा सुरक्षा और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि 12 नवंबर से ऑनलाइन रजिस्ट्री का काम सामान्य रूप से फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

## जिंदा को 'मरा' दिखाकर हड़पे करोड़ों!

# सरकारी पेंशन के नाम पर बड़ा खेल चार ठग पुलिस ने किए गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का आंवला पुलिस ने पदार्फाश किया है। ये गिरोह जिंदा लोगों को कागजों में मृत दिखाकर फर्जी विधवा और वृद्धावस्था पेंशन पास कराता था। इस धोखाधड़ी में अब तक 1.23 करोड़ रुपये की रकम हड़पी जा चुकी है। पुलिस ने इस गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने इस पूरे मामले का खुलासा किया।

दरअसल यह गिरोह पहले गरीब और अनपढ़ लोगों को सरकारी पेंशन दिलाने का लालच देता था। पेंशन का 'मीठा चारा' डालकर वे लोगों से आधार कार्ड और कागजात जुटा लेते थे। फिर जनसेवा केंद्र से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाए जाते थे। उसके बाद जिंदा व्यक्ति को कागजों में 'मरा' दिखाकर उसके नाम पर विधवा या वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत करा दी जाती थी। रकम सीधा आरोपियों और उनके परिचितों के बैंक खातों में ट्रांसफर हो जाती थी। जांच में सामने आया कि यह गैंग पिछले चार साल से सक्रिय था। अब तक 56 लोगों को विधवा पेंशन और दो लोगों को वृद्धावस्था पेंशन के नाम पर फर्जी लाभार्थी बनाकर करोड़ों उड़ाए जा चुके हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में हरीश कुमार (बसंत विहार कॉलोनी) जनसेवा केंद्र व एसबीआई मित्र चलाता था, यहीं से दस्तावेजों की जालसाजी होती थी। शांति स्वरूप (मोहल्ला शास्त्रीगली), मुनीष (बिलौरी निवासी) और प्रमोद (सेंधा, भमोरा निवासी) ये लोग गांव-गांव जाकर ₹महामाया योजना₹, ₹पैसा डबल स्कीम₹ जैसे नामों से भोले-भाले लोगों को झांसे में लेते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्रों की छह कॉपियां बरामद की हैं। जांच में पता चला कि कुछ आरोपियों के खिलाफ पहले भी ठगी और धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज हैं।

## महाविद्यालय में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने किया खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** भनौटीशेरकोट महामाया राजकीय महाविद्यालय भनौटी में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो युवकों को चोरी किए गए सामान सहित गिरफ्तार कर लिया है। प्राचार्य मुकेश कुमार द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि अज्ञात चोरों ने कॉलेज से लैपटॉप, प्रोजेक्टर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर लिए थे, साथ ही विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों व अन्य सामान में तोड़फोड़ की गई थी। पुलिस की तत्परता से जांच में वारदात का पदार्फाश हो गया।

टीम ने अमरजीत पुत्र जयपाल निवासी मोहल्ला नौधना व अवनीश पुत्र राधेश्याम निवासी मोहल्ला खुराड़ा (शेरकोट) को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया। बरामद सामान में लैपटॉप, की-बोर्ड, सोनी प्रोजेक्टर, जेब्रॉनिक्स टीएफटी स्क्रीन, कंप्यूटर माउस, टीएफटी केबल, एचडीएमआई केबल, दो पावर केबल, डेल चार्जर, लकड़ी का बॉक्स और बायोमेट्रिक मशीन शामिल हैं।

पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना स्वीकार की। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार खोखर, हेड कांस्टेबल संदीप कुमार, हेड कांस्टेबल रामकुमार और कांस्टेबल अंकुर कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्पर कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस की मुस्तैदी से अपराधियों में भय और जनता में विश्वास का माहौल बना है।

## ममता को किया कलंकितः झाड़ियों में फेंका मासूम, कुत्तों ने नोच डाला



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जनपद बरेली से इंसानियत को झकझोर कर देने वाली घटना सामने आई है। थाना शीशगढ़ क्षेत्र के ग्राम बंजरिया में एक नवजात शिशु को जन्म लेते ही उसकी कलयुगी माँ ने झाड़ियों में फेंक दिया। सुबह जब ग्रामीणों ने झाड़ियों से कुत्तों के भौंकने की आवाजें सुनीं तो नजारा देखकर वह सन्न रह गए, एक मासूम का शरीर कुत्तों के बीच पड़ा हुआ था। कुत्ते उसका एक हाथ नोच चुके थे। ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों को भगाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची बंजरिया चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सूत्रों के अनुसार, नवजात की उम्र महज एक से दो दिन बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि शिशु को जन्म के तुरंत बाद झाड़ियों में फेंका गया होगा, जिससे ठंड और जानवरों के हमले से उसकी मौत हुई। ग्रामीणों ने बताया कि ₹किसी कलयुगी माँ ने समाज की लोकलाज के डर से अपने ही बच्चे को मौत के हवाले कर दिया।₹ इस वीभत्स दृश्य को देखकर गाँव के लोग आक्रोश और गहरे दुःख में हैं। फिलहाल पुलिस ने आसपास के इलाकों में पूछताछ शुरू कर दी है ताकि उस निर्दयी माँ का पता लगाया जा सके जिसने ममता को कलंकित कर दिया।

## प्रकाश पर्व पर हजारों भक्तों ने लंगर प्रसादी की ग्रहण



**मथुरा।** कान्हा की नगरी में पंजाबी समाज मथुरा रिफाइनरी द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के दिन रिफाइनरी नगर में सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानकदेव जी की जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाई गई। प्रकाश पर्व के मौके पर सुबह से ही कम्युनिटी सेंटर में पंजाबी समाज के लोगों द्वारा कीर्तन दरबार सजाया गया। कीर्तन दरबार में दूर-दराज से आए लोगों ने गुरू नानकदेव के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। प्रकाश पर्व पर रिफाइनरी नगर का वातावरण प्रेम और उत्साह कै साथ-साथ भक्तिमय नजर आया। पंजाबी समाज के लोगों ने कहा कि आज का पर्व बहुत ही खास है, गुरू किसी जाति-धर्म को नहीं देखते हैं। गुरू की दृष्टि सभी के लिए समान होती है, गुरू के उपदेशों को हम जीवन में अपनाकर उजाला कर सकते हैं। प्रकाश पर्व पर हजारों भक्तों ने कीर्तन करते हुए गुरू वाणी का श्रवण कर लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

## अड़ींग के ऐतिहासिक कुंड पर देव दीपावली दीपदान



**मथुरा।** गांव अड़ींग स्थित ऐतिहासिक कलोल कुंड के घाट पर देव दीपावली दीपदान करके मनाई गई। इस दौरान हर समाज की माता बहनों ने कुण्ड के चारों तरफ दीपक जलाकर कुंड को जगमग कर दिया। इस दौरान गोवर्धन महाराज की जयकारे गूंजते मते रहे। विदित हो यह वह कुंड है जहां भगवान कृष्ण ने अड कर दान लिया और इसीलिए गांव का नाम अड़ींग पड़ा। ब्रज चौरासी कोस की यात्रा के दौरान श्रद्धालु इस कुंड मे आचमन करते चले आ रहे हैं। यह कुण्ड बौद्ध धर्म की स्मृतियों का भी साक्षी रहा है। ब्रिटिश काल में खुदाई के दौरान भगवान बुद्ध की प्रतिमा निकली जिसे विक्टोरिया संग्रहालय मुंबई में संरक्षित किया गया है। आयोजन में पंकज पंडित, मनोज पंडित, महाराज सिंह, हंसा पहलवान, श्याम कपूर, भागवत तिवारी, अजीत सैनी आदि का सहयोग रहा।

## जंगलेश्वर महादेव मंदिर पर छप्पन भोग और भंडारे का आयोजन



**मथुरा/गोवर्धन।** बुधवार को गोवर्धन के बड़ी परिक्रमा मार्ग स्थित प्रसिद्ध जंगलेश्वर महादेव मंदिर और सिद्ध पीठ बालाजी महाराज के दरबार में भव्य छप्पन भोग और भंडारे का आयोजन किया गया। महा त्यागी संत सेवा आश्रम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा पहले गिर्राज महाराज की पूजा अर्चना कराई गई तत्पश्चात अभिषेक किया गया। इसके उपरांत श्री गिर्राज छप्पन भोग सेवा समिति और समस्त बृजवासी एवं मंदिर परिवार की ओर से बालाजी महाराज के दरबार में भव्य छप्पन भोग सजाए गए और उसके उपरांत साधु संतों को भोजन प्रसादी कराई गई। पूज्य संत श्री दीनबंधु दास महा त्यागी जी शास्त्री जी के सानिध्य में कई प्रदेशों से आए तमाम भक्तों, और प्रशासन के अधिकारियों ने हनुमान जी महाराज और गिर्राज महाराज के दर्शन कर छप्पन भोग का प्रसाद और भंडारे की प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर शिकोहाबाद के पूर्व विधायक हरिओम यादव, सतीश शर्मा एफसीआई मेम्बर गवर्मेंट ऑफ इंडिया, रमेश चंद्र कौशिक सांसद सोनीपत, नर्सिंग ऑफिसर समालखा गवर्नमेंट ऑफ हरयाणा, इंजीनियरिंग कॉलेज डायरेक्टर हरि दर्शन शर्मा हरियाणा, सिद्धिविनायक महाविद्यालय के डायरेक्टर नंदकिशोर शर्मा, अशोक शर्मा, भारत उपाध्याय, अमित गोस्वामी, चंद्रभान चौधरी रिंकू व माधव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने अवैध स्टोन डस्ट का डम्फर किया सीज



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** अवैध स्टोन डस्ट की सूचना पर एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी ने राजस्व एवं पुलिस टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई की। बुधवार को राजस्थान से गोवर्धन लाए जा रहे अवैध स्टोन डस्ट के डम्फर को एसडीएम ने सीज कर थाना गोवर्धन पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े गए वाहन के मालिक के खिलाफ खनन नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खनन माफिया चाहे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, कानून के शिकंजे से नहीं बच पाएंगे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना की।

लोगों ने बताया कि प्रशासन का यह कदम सराहनीय है और इससे माफियाओं के हौसले पस्त होंगे। दरअसल लंबे समय से अवैध खनन की शिकायतें मिलती रही हैं। कई बार स्थानीय लोग इसकी सूचना प्रशासन को देते रहे, लेकिन कार्रवाई न होने पर खनन माफिया सक्रिय रहे। हाल की इस कार्रवाई से संकेत मिला है कि अब प्रशासन इस मामले में और अधिक सख्ती से पेश आएगा।

## प्रजापति विकास समिति द्वारा आयोजित 20वां सामूहिक विवाह उत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** प्रजापति विकास समिति, जनपद मथुरा द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह उत्सव का आयोजन हर वर्ष की भाँति इस बार भी बड़े हर्ष और उत्साह के साथ रामलीला ग्राउंड में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर कुल 20 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामवीर सिंह गोला उपस्थित रहे। समारोह अध्यक्ष की भूमिका हरिओम गोला (सर्राफ, कोयंबटूर) ने निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ कमला देवी एवं रमेश चंद्र प्रजापति ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर संपन्न किया।विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल भ्रंगर, शियोनाथ शिव संरक्षक राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ, श्री दास प्रजापति राष्ट्रीय महासचिव, जितेंद्र प्रजापति अध्यक्ष आगरा मंडल, फूल सिंह बघेनिया भरतपुर, लक्ष्मी नारायण, सूरत, खजान सिंह गोला हाथरस, श्रीमती जल देवी गोला,विरमा देवी, सरोज देवी मथुरा,रामेश्वर प्रसाद प्रजापति,दशरथ सिंह,बनी सिंह गोला, प्रजापति विकास समिति के अध्यक्ष मथुरा प्रसाद गोला, कोषाध्यक्ष मोहन सिंह गोला,पूर्व अध्यक्ष पप्पू लाल गोला प्लांट वाले, पूर्व अध्यक्ष मूलचंद गोला, पूर्व कोषाध्यक्ष बलवीर सिंह गोला, सामूहिक विवाह अध्यक्ष मांगी राम प्रजापति,रामकुमार गोला, रमन गोला, उपाध्यक्ष सूबेदार रेवती लाल गोला, किशन लाल सर्राफ संचालन समिति के महासचिव विजेंद्र सिंह गोला, एवं डॉ सत्यवीर गोला जी के द्वारा किया गया । इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठजनों, अतिथियों एवं हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। समारोह में भव्य व्यवस्था, सजावट, भजन-संगीत एवं भोजन प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई, जिससे पूरे कार्यक्रम का वातावरण आनंदमय एवं भावुक रहा।

समिति द्वारा कन्याओं को गृहस्थ जीवन हेतु आवश्यक वस्त्र, आशीर्वाद व सामग्री भी भेंट की गई।

## जयंत चौधरी की कोसीकलां जनसभा की तैयारी में रालोद कार्यकर्ताओं की बैठक

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/चौमुंहा।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के मुखिया जयंत चौधरी की 16 नवंबर को कोसीकलां में होने वाली जनसभा को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को चौमुंहा स्थित कृष्णा मैरिज होम में रालोद कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री ठाकुर तेजपाल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में रालोद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस दौरान चौमुंहा कार्यकताओं ने चांदी का मुकुट व नोटों की माला पहनाकर पूर्व मंत्री का स्वागत किया। सभी कार्यकताओं ने एकजुट होकर जयंत चौधरी की सभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प लेते हुए हुंकार भरी। इस दौरान चौमुहां ब्लॉक के करीब 42 गांव से जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पूर्व मंत्री ठाकुर तेजपाल सिंह ने स्थानीय छाता विधायक के कार्यकाल पर तीखे हमले किए। उन्होंने आम जनमानस को हो रही परेशानियों को जनता के सामने रखते हुए वर्तमान छाता विधायक के कार्यकाल पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने छाता शुगर मिल को दोबारा चालू करने के संबंध में किए गए ₹झूठे वादों₹ से जनता को अवगत कराया। इस मौके पर रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर, जीतेन्द्र सिंह, पूर्व चेयरमैन छाता जगपाल सिंह, पाल सिंह यादव, कुमरचंद रावत, अभयपाल सिंह, कल्याण सिंह, कुलदीप सिसोदिया, नरेश सभासद, भोली, देवो काका, जसपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## टिसुआ स्टेशन पर रेल सुरक्षा में सेंध ! इंजन से डीजल चुरा रहे थे चोर, लोको पायलट ने किया भंडाफोड़

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** बरेली के टिसुआ रेलवे स्टेशन से रेल सुरक्षा को हिला देने वाला एक मामला सामने आया है। खड़ी मालगाड़ी के इंजन से 50 मीटर लंबी पाइप लगाकर डीजल चोरी की जा रही थी। अंधेरे में चल रही यह वारदात ठीक उसी वक्त उजागर हुई जब लोको पायलट ने टॉर्च की रोशनी में चोरों की हरकत देख ली। लोको पायलट की सूझबूझ से बड़ा नुकसान टल गया, लेकिन इस घटना ने रेलवे सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोको पायलट रवेंद्र प्रसाद मुरादाबाद से शाहजहांपुर जा रही मालगाड़ी (इंजन नंबर 49630) चला रहे थे। ट्रेन जैसे ही टिसुआ स्टेशन पर रुकी, उन्होंने इंजन की सामान्य जांच की और कुछ देर बाद नीचे उतरे। तभी उनकी नजर इंजन के डीजल टैंक पर पड़ी, जिसका ढक्कन खुला था। टॉर्च की रोशनी में उन्होंने देखा कि कुछ अज्ञात लोग करीब 50 मीटर लंबी पाइप डालकर डीजल खींच रहे थे और पास रखे कैनों में भर रहे थे। यह देखकर लोको पायलट ने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही जीआरपी और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे। डीजल चोरी की यह वारदात सुनकर रेलवे महकमे में हड़कंप मच गया। रेलवे सूत्रों का कहना है कि यह काम किसी संगठित गिरोह का लग रहा है। फिलहाल जीआरपी ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या इसमें किसी अंदरूनी कर्मचारी की मिलीभगत तो नहीं।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** हीमपुर दीपा कस्बा क्षेत्र में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने थाना हीमपुर दीपा पर तहरीर देते हुए बताया कि शाबेज पुत्र शकूर निवासी मोहल्ला कस्साबान, कोतवाली शहर बिजनौर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में मुकर गया।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना हीमपुर दीपा पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी शाबेज पुत्र शकूर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः उपनिरीक्षक मुकेश कुमार कांस्टेबल योगेश दत्त शामिल रहे। थाना हीमपुर दीपा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़िता को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, वहीं क्षेत्र में पुलिस की सराहना की जा रही है।

## बरेली में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे बाइक चालक, हेलमेट न लगाने पर 3.73 लाख लोगों के चालान

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** शहरवासियों ने इस साल भी एक जनवरी से 31 अक्तूबर तक यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई हैं। इस अवधि में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 3,73,691 लोगों के चालान काटे गए। नियम उल्लंघन के दूसरे मामलों में भी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस कार्यालय के मुताबिक इस साल सर्वाधिक चालान हेलमेट के बिना वाहन चलाने वालों के काटे गए। इनके साथ ही पार्किंग के नियम तोड़ने पर 37784 लोगों के चालान काटे गए। गति नियमों की अनदेखी पर 31781, वाहन संचालन का लाइसेंस नहीं दिखाने पर 23595, गलत नंबर प्लेट पर 5704, बिना संकेत लाइन बदलने के 5500, बिना बीमा के वाहन चलाने पर 4848, अन्य तरह से नियम उल्लंघन पर 4785, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट नहीं लगाने पर 4183, प्रदूषण प्रमाणपत्र नहीं दिखाने पर 3383 और आरसी नहीं दिखाने पर 1677 चालान काटे गए। एसपी यातायात मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि शहरवासियों को लगातार यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बिना हेलमेट के पेट्रोल देने पर प्रतिबंध का नियम भी लोगों को जागरूक करने के लिए ही है, इसके बावजूद दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहनने में लापरवाही बरत रहे हैं। अगर लोग खुद ही सजग हो जाएं तो पुलिस को चालान या अन्य कार्रवाई करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। चौराहों पर कैमरे लगाकर भी यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर नजर रखी जा रही है। हेलमेट न पहनने से हो रही युवाओं की मौतों का दंश परिवार झेल रहा है। गांव पदमी निवासी मुकेश की मौत से आहत उनके पिता सुरेश कुमार उस मनहूस दिन को याद कर आंखें नम कर लेते हैं जब उनका बेटा उनसे हमेशा के लिए जुदा हो गया। वह बताते हैं कि 21 अक्तूबर को यह घटना हुई थी। गांव बीसलपुर के पास दो बाइक एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई थीं। इस दुर्घटना में सात लोग घायल हुए थे। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार उनके बेटे मुकेश का सिर सड़क पर लगने से उन्हें गंभीर चोट आई और अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। अगर मुकेश हेलमेट लगाए होता तो शायद उसकी जान बच जाती। सुरेश कहते हैं कि जवान बेटे की अर्थी को कंधा देना सहज नहीं होता, वह लोगों से अपील करते हैं कि घर से बाइक या स्कूटी पर बिना हेलमेट कतई न निकलें, जिससे कम से कम आपकी जान बची रहे।

# राष्ट्रपति द्वारा छाया स्कूल को सम्मानित करना मोदीनगर के लिए गर्व की बात- हरेंद्र अरोड़ा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी युवा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष हरेंद्र अरोड़ा द्वारा छाया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किए जाने पर जगन्नाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉक्टर देवराज शर्मा के साथ सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा की मोदीनगर जैसे छोटे शहर से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना निश्चित रूप से बहुत बड़ी बात है और यह कार्य प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी के कुशल संचालन व प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी के सानिध्य में छाया पब्लिक स्कूल ने कर दिखाया है।

पूरा शहर इस उपलब्धि पर गर्व का अनुभव कर रहा है। इस अवसर पर जगन्नाथ ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन देवराज शर्मा ने कहा छाया पब्लिक स्कूल स्थापना काल से ही शिक्षा, खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश में ही नहीं देश में विशेष पहचान रखता है और मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी का प्रिय छात्र होने का मुझे भी सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उनकी कार्य शैली अपने आप में विशेष है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राएं व शिक्षकों की गरिमामय उपस्थिति रहीं।

# मुल्तानीमल मोदी कॉलेज के स्वयंसेवकों का पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर हेतु चयन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मुल्तानीमल मोदी महाविद्यालय, मोदीनगर के लिए गर्व का विषय है कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दो सक्रिय एवं अनुशासित स्वयंसेवक लक्ष्य कौशिक एवं शाइस्ता का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर हेतु किया गया है। यह शिविर 05 नवंबर 2025 से 14 नवंबर 2025 तक जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित होगा।इस शिविर में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से कुल 06 स्वयंसेवक (03 छात्र एवं 03 छात्राएं) प्रतिभाग करेंगे, जिनमें मुल्तानीमल मोदी महाविद्यालय के इन दोनों स्वयंसेवकों का चयन होना महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित शिविर है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों और विश्वविद्यालयों से चयनित स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक विविधता की भावना से ओत-प्रोत प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

# गुरू नानक देव के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में गुरूद्वारे में हुए विविध कार्यक्रम

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** सिक्खों के प्रथम धर्मगुरू गुरू नानक देव जी की पुण्य जयंती (प्रकाशोत्सव) पर आज बुधवार को मोदीनगर व गोविंदपुरी स्थित गुरूद्वारों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शबद, कीर्तन, गुरूवाणी, अखण्ड पाठ व भोग तथा विशाल लंगर आदि कार्यक्रमों में संगत ने काफी उत्साह दिखाया। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा मोदीनगर के प्रधान सरदार जसपाल सिंह ने संचालन किया। गुरूद्वारा प्रबंध समिति के वरिष्ट उपाध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह सहित कई वक्ताओं ने गुरूनानक देव जी के आदर्शों एवं प्रेरक जीवन पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और कहा कि गुरू नानक देव जी ने देश को जोड़ने का कार्य किया तथा शोषण व अन्याय के विरूद्ध एकजुट हो आवाज उठाने का संदेश दिया। कुछ वक्ताओं ने गुरूवाणी का महत्व बताया तथा उनके उच्चादर्शों पर चलने की अपील की। इस अवसर पर राजकुमार ढींगरा, रमेश नारंग, राधा नारंग, सरदारनी जसमीत कालरा, उजागर सिं, जोगेंद्र सिंह, मक्खन सिंह आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के दो स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय साहसिक शिविर में प्रतिभाग का अवसर प्राप्त

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय सेवा योजना, मुल्तानी मल मोदी महाविद्यालय मोदीनगर के दो स्वयंसेवकों अंकित और नंदिनी बिसवाल को प्रत्येक कार्यक्रम में उनकी सक्रिय भूमिका एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय साहसिक शिविर 2025 में प्रतिभाग का अवसर प्राप्त हुआ है।राष्ट्रीय सेवा योजना के यह दोनों स्वयंसेवक राष्ट्रीय साहसिक शिविर 2025 के लिए 6 नवंबर 2025 से 15 नवंबर 2025 तक धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में रहेंगे जहां इन दोनों को साहसिक गतिविधियों के माध्यम से आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी संस्कृतियों को अन्य राज्यों के साथ साझा करने का अवसर प्राप्त होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ अमर सिंह कश्यप के अनुसार यह दोनों स्वयं सेवक अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता जैसे अनेकों गुणों से परिपूर्ण है और इस प्रकार की उपलब्धियों के पात्र है महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डी के अग्रवाल जी के अनुसार ऐसे स्वयंसेवक न केवल महाविद्यालय का गौरव है अपितु इस राष्ट्र के विकास की नींव भी है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर गंगनहर में असंख्य श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी, हर हर गंगे के जयकारे गूंजे

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज बुधवार को मुरादनगर गंगनहर में असंख्य श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। श्रद्धालु स्नानार्थियों के हर हर गंगे के जयकारों से गंगनहर तट गूंज उठा और वातावरण धर्ममय हो गया। सुबह चार बजे से ही गंगा स्नान का क्रम शुरू हो गया जो शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षार्थ पुलिस तथा गोताखोरों की टीमें मुस्तैदी से तैनात रहीं। उधर द्धालु स्नानार्थियों के दुपहिये व चार पहिये वाहनों से गंगनहर तट के आसपास हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। छुटपुट घटनाओं के अलावा किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# पोरी चोरी का खुलासा: पुलिस तीन आरोपियों का नाक परीक्षण कराने की तैयारी

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** भगवान गंज मंडी कॉलोनी में दो माह पहले हुई पोरी चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के नाक परीक्षण (नार्को टेस्ट) कराने की तैयारी शुरू कर दी है।मामले के जल्द खुलासे के लिए पुलिस ने फोर्ट में पार्थना पत्र भी जमा कर दिया है। जानकारी के अनुसार, भगवान गंज मंडी कॉलोनी निवासी कपड़ा व्यापारी पिस सिंघेल के घर से करीब 25 लाख रुपये के जेवरात चोरी हुए थे।पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं, घर में कार्यरत घरेलू सहायिका ने भी अपने ऊपर छेड़छाड़ का आरोप लगाया और कई बार थाने पर प्रदर्शन कर मामले को गंभीर बनाने का प्रयास किया।पुलिस ने घरेलू सहायिका से पूछताछ की, लेकिन किसी ठोस साक्ष्य का पता नहीं चल सका। इसके अलावा, घरेलू सहायिका बार-बार अपने बयानों को बदल रही है, जिससे जांच में जटिलता पैदा हुई है। इस मामले में डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी को व्यापारियों ने एक सप्ताह पहले ज्ञापन भी सौंपा था।डीसीपी ने व्यापारियों को आश्वासन दिया था कि घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा। एसीपी मोदीनगर, आमत सक्सेना ने बताया कि जांच के तहत तीन मुख्य आरोपी पहचाने गए हैं।पुलिस आरोपियों का नाक परीक्षण कराकर जांच को गति देने की तैयारी कर रही है।परीक्षण के बाद ही मामले की स्थिति स्पष्ट होगी और चोरी के वास्तविक आरोपी सामने आएंगे।

# गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर इंदिरापुरम में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 250 से अधिक लोगों ने उठाया लाभ



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर बुधवार को इंदिरापुरम स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संयुक्त आयोजन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, इंदिरापुरम एवं शारदा हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के सहयोग से किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुद्वारा पहुंचे, जहां उन्होंने गुरु नानक देव जी के दर्शन के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर में भी भाग लिया और चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया।

गुरु नानक देव जी के उपदेश 'सेवा ही सर्वोच्च धर्म हैÓ की भावना को साकार करते हुए यह स्वास्थ्य शिविर समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बना।शिविर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और सहयोग की भावना दोनों बढ़ती हैं। शिविर में विशेष रूप से 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इससे बुजुर्गों में उत्साह का माहौल रहा। उन्होंने आयोजन समिति और डॉक्टरों का आभार जताया। शिविर में 250 से अधिक लोगों की मुफ्त जांच की गई, जिसमें शुगर, ब्लड प्रेशर, बीएमआई जैसी प्रमुख जांचें शामिल थीं। लोगों को उनकी जांच रिपोर्ट के अनुसार चिकित्सकीय सलाह दी गई और जरूरतमंदों को निशुल्क दवाएं भी प्रदान की गईं।

मुख्य चिकित्सक डॉ. आकाश अवाना ने बताया कि बढ़ते हुए वायु प्रदूषण और ठंड के मौसम की शुरूआत के चलते स्वांस संबंधित और उच्च रक्तचाप के मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिला है। ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज में प्रारंभिक पहचान और रोकथाम की दिशा में अहम भूमिका निभाते हैं। शिविर का संचालन शारदा हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के महाप्रबंधक गौरव पांडेय एवं क्षेत्र प्रबंधक संजय वर्मा के नेतृत्व में किया गया। दोनों अधिकारियों ने बताया कि शारदा हॉस्पिटल लगातार सामाजिक दायित्वों के तहत ऐसे शिविरों का आयोजन कर रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, इंदिरापुरम के प्रांगण में पूरे दिन श्रद्धा और सेवा का अनोखा संगम देखने को मिला। लंगर में प्रसाद ग्रहण करने के बाद श्रद्धालु स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे, जहां डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ ने अत्यंत विनम्रता और समर्पण के साथ सेवाएं दीं।

इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमें परोपकार, समानता और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। ऐसे आयोजन न केवल श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हैं, बल्कि समाज में सहयोग और मानवता का संदेश भी प्रसारित करते हैं।

# श्रमिकों को 15 नवंबर तक कराना होगा पंजीकरण अपडेट

**गाजियाबाद।** जनपद के पंजीकृत श्रमिकों को अब अपने पंजीकरण का नवीनीकरण 15 नवंबर तक कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जो श्रमिक निर्धारित तिथि तक अपना पंजीकरण अपडेट नहीं कराएंगे, उनके नाम निष्क्रिय सूची में डाल दिए जाएंगे और वे सरकार द्वारा मिलने वाले श्रमिक कल्याण योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाएंगे। उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र ने जानकारी दी कि जिले में कुल 2 लाख 92 हजार 141 श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग के अंतर्गत है। इनमें से एक बड़ी संख्या ऐसे श्रमिकों की है जिन्होंने पिछले चार वर्षों से अपना पंजीकरण अपडेट नहीं कराया है।ऐसे सभी श्रमिकों को विभाग की ओर से समय-सीमा के भीतर नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण नवीनीकरण की अंतिम तिथि 15 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है। इस अवधि के बाद जिन श्रमिकों का नवीनीकरण नहीं होगा।

# करहैड़ा में खेल का महाकुंभ: 36वीं नगर स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाडियों ने दिखाया उमंग और जोश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कंपोजिट विद्यालय करहैड़ा में बुधवार को खेल के रंग और बच्चों के जोश से सराबोर माहौल देखने को मिला, जब यहां बुधवार को 36वीं नगर स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ओ.पी. यादव उपस्थित रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद विजेंद्र चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी विश्वजीत राठी, शिक्षक संघ महानगर अध्यक्ष अमित गोस्वामी, मंत्री लईक, वरिष्ठ मंत्री राजबहादुर सिसोदिया तथा वरिष्ठ समाजसेवी एवं साथी फाउंडेशन की संस्थापिका काजल छिब्बर मौजूद रहीं। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के सभी व्यायाम शिक्षकों, खेल अनुदेशकों एवं विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। मैदान में बच्चों के जोश, दौड़ती कदमों की रफ्तार और दर्शकों की तालियों की गूंज ने माहौल को रोमांचित कर दिया। प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में रोहन प्रथम स्थान पर रहे। 100 मीटर में अंकित, 200 मीटर में शनिदेव, 400 मीटर में लवकुश और लंबी कूद में युग ने प्रथम स्थान हासिल किया। बच्चों के प्रदर्शन को देखकर उपस्थित अतिथियों ने उनकी ऊर्जा और तैयारी की प्रशंसा की। प्राथमिक बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में मनीषा, 100 मीटर में भूमि, 200 मीटर में वैष्णवी, 400 मीटर में रूही और लंबी कूद में अंशु ने पहला स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं के दमदार प्रदर्शन ने दर्शकों से भरपूर तालियां बटोरीं। जूनियर स्तर के बालक वर्ग में 100 मीटर में करण, 200 व 400 मीटर में दिवाकर, 600 मीटर में सुमित, लंबी कूद में करण, ऊँची कूद में अयान और गोला फेंक में आलोक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में 100 मीटर में अंजलि, 200 मीटर में चांदनी, 400 मीटर में खतीजा, 600 मीटर में करीना, लंबी कूद में निशा, ऊँची कूद में माही तथा गोला फेंक में गुंजन विजेता रहीं। टीम मुकाबलों में भी रोमांच चरम पर रहा। प्राथमिक स्तर पर खो-खो बालक व बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय सिकरोड़ ने बाजी मारी, प्राथमिक कबड्डी में करहैड़ा की टीम विजेता रही। जूनियर कबड्डी में कंपोजिट विद्यालय बिहारीपुर ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि जूनियर खो-खो में कंपोजिट विद्यालय करहैड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज ने न्यूजीलैंड भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ एमओयू

वेलकम इंडिया



**साहिबाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 स्थित इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज ने न्यूजीलैंड भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य भारत और न्यूजीलैंड के शैक्षणिक, औद्योगिक एवं अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग को सशक्त बनाना है।

इस अवसर पर आईपीईसी के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने कहा कि यह एमओयू दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में मजबूत संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि तकनीक, नवाचार और शैक्षणिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में संयुक्त प्रयास भविष्य में नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेंगे। न्यूजीलैंड भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सेक्रेटरी जनरल रॉय काउंडस ने कहा कि न्यूजीलैंड के व्यावसायिक संगठन भारतीय संस्थानों के साथ मजबूत साझेदारी के लिए उत्सुक हैं और यह एमओयू द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करेगा।अजय वशिष्ठ एवं काउंडस राव ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए और कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच सार्थक एवं दीर्घकालिक संबंधों की दिशा में एक अहम कदम है। कार्यक्रम में आईपीईसी के निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिल सोलंकी, अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपाध्यक्ष विभूति शंकर, डीन अकादमिक्स डॉ. अमित जैन, प्रो. (डॉ.) मीनाक्षी शर्मा, डॉ. सुनीता यादव (डीन, सीएसई), डॉ. विजय सिंह (एचओडी, सीएसई), डॉ. महजबीं बानो (एचओडी, मैनेजमेंट), डॉ. रागिनी (एचओडी, एमसीए), डॉ. प्रियांका गुप्ता (सीईओ, आईपीईसी टीबीआई, डॉ. तनवीर (एचओडी, एसडीसी), तनुश्री (इंचार्ज, अंतरराष्ट्रीय संबंध, एमआईईटी), शोभना शर्मा (हेड एडमिशन काउंसलर), सपना शर्मा (पीआरओ, आईपीईसी) एवं संस्कृति सहित अनेक वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# महापौर ने किया 5 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

## डूंडाहेड़ा, आरडीसी और हिंडन विहार में गूंजे विकास के जयकारे

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर में विकास की नई गाथा लिखते हुए महापौर सुनीता दयाल ने बुधवार को करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। शिलान्यास समारोहों के दौरान स्थानीय निवासियों ने महापौर का फूल-मालाओं और जयकारों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। हर जगह माहौल उत्साहपूर्ण और जनसमर्थन से भरा दिखाई दिया।

कार्यक्रम का आरंभ वार्ड 27 डूंडाहेड़ा गांव से हुआ, इसके बाद आरडीसी फ्लाईओवर और वार्ड 17 हिंडन विहार में भी महापौर ने विकास कार्यों की नींव रखी। इन तीनों क्षेत्रों में लंबे समय से सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों की मांग उठाई जा रही थी, जिसे महापौर ने आज साकार रूप दिया। महापौर ने बताया कि डूंडाहेड़ा गांव के मुख्य मार्ग और आंतरिक गलियों की स्थिति काफी जर्जर थी। स्थानीय नागरिकों की बार-बार की मांग को देखते हुए यहां आरसीसी सड़कों के निर्माण कार्य की शुरूआत की गई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 1 करोड़ 60 लाख रुपये है। वार्ड 17 हिंडन विहार मेट्रो स्टेशन से बाल्मीकि सभागार होते हुए गार्बेज फैक्ट्री तक आरसीसी सड़क निर्माण कार्य की लागत लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपये है। यह सड़क हिंडन विहार को जोडे वाला प्रमुख मार्ग है, जिसकी मरम्मत से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। आरडीसी क्षेत्र में भी विकास कार्यों की गति तेज कर दी गई है। आरडीसी फ्लाईओवर के नीचे एवं सर्विस रोड, शौचालय से जल निगम कट तक सड़क निर्माण कार्य के लिए लगभग 80 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह इलाका शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों में से एक है, जहां लंबे समय से सड़क की स्थिति सुधार की मांग की जा रही थी। महापौर ने कहा कि नगर निगम के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैंने कभी यह नहीं देखा कि यहां हिंदू रहते हैं या मुस्लिम। विकास कार्यों में सभी को एक समान माना गया है। मेरा प्रयास है कि पूरे शहर में संतुलित विकास हो, जिससे किसी क्षेत्र को उपेक्षित न महसूस हो। महापौर ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से स्थानीय निवासियों को बेहतर सड़कों, यातायात सुविधा और स्वच्छ वातावरण का लाभ मिलेगा। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि विकास कार्यों को सफल बनाना सबकी साझा जिम्मेदारी है।

शिलान्यास कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय नागरिकों ने महापौर का पुष्पवर्षा, जयकारों और माला पहनाकर स्वागत किया। लोगों में खुशी और संतोष का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय बाद उनके क्षेत्र में विकास की रोशनी पहुंची है। इस मौके पर पार्षद नरेश जाटव, पार्षद जयकिशन पाल, पूर्व पार्षद राकेश पंडित, विकास हिंदू, मंडल पदाधिकारी सुनील गौतम, कामेश्वर त्यागी, लीलू नगर, हाजी जमालुद्दीन, हाजी फजलुद्दीन, डॉ. हारून, हाजी जफरुद्दीन, हाजी कासिम, रहीश चौधरी समेत अनेक स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम लगातार नए विकास कार्यों की शुरूआत कर रहा है। सड़कों, जल निकासी, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण से जुड़े प्रोजेक्ट्स शहर के हर हिस्से में गति पकड़ रहे हैं। आज हुए शिलान्यास से यह स्पष्ट है कि निगम प्रशासन नागरिकों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील है और गाजियाबाद को आधुनिक, स्वच्छ और सुगम बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

# गंगा टावर के पीछे वर्षों से अंधेरे में डूबे इलाके में लौटी रौनक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कौशांबी स्थित श्रीराम चौक के पास गंगा टावर के पीछे का क्षेत्र बुधवार की शाम रौशनी से जगमगा उठा। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल के निरंतर प्रयासों और पहल के परिणामस्वरूप नगर निगम द्वारा यहां नए पोल और स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं। इन लाइटों का शुभारंभ गंगा टावर के अध्यक्ष एस. वी. सिंह ने नारियल फोड़कर किया।

इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों निवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस विकास कार्य के लिए पार्षद कुसुम गोयल का हृदय से धन्यवाद किया। डॉ. मनोज गोयल ने बताया कि कौशांबी कॉलोनी की स्थापना से लेकर अब तक इस इलाके में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं थी। अंधेरा होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती थीं और लोगों का यहां से गुजरना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि एक ओर शराब का ठेका और दूसरी ओर वर्षों से खाली पड़ी बिल्डिंग के कारण यह क्षेत्र असुरक्षित महसूस होता था। अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व सक्रिय रहते थे। यह लाइटें अब न सिर्फ क्षेत्र में रोशनी लाएंगी बल्कि सुरक्षा का भी माहौल बनाएंगी। कौशांबी क्षेत्र की पार्षद कुसुम गोयल ने नागरिकों की इस गंभीर समस्या को लेकर नगर निगम के उच्च अधिकारियों तक आवाज पहुंचाई। उन्होंने महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक को व्यक्तिगत रूप से इस समस्या से अवगत कराया और लाइट लगाने के प्रस्ताव को प्राथमिकता दिलाई। कुसुम गोयल ने कहा कि यह कार्य मेरे लिए सिर्फ विकास नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों की सुरक्षा से जुड़ा कदम है। अंधेरे के कारण यहां आए दिन होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए यह लाइटें अत्यंत जरूरी थीं। नगर निगम प्रशासन का आभार है, जिन्होंने इस कार्य को त्वरित गति से पूरा कराया। शुभारंभ के दौरान कौशांबी के कई जागरूक नागरिक मौजूद रहे जिन्होंने इस कार्य का स्वागत किया। लोगों ने कहा कि पार्षद कुसुम गोयल ने जिस तत्परता और संवेदनशीलता के साथ इस समस्या का समाधान कराया है, वह सराहनीय है। नागरिकों ने उम्मीद जताई कि इसी तरह आगे भी कॉलोनी की अन्य समस्याओं को लेकर पार्षद सक्रिय भूमिका निभाती रहेंगी। नए पोल और लाइटें लगने से अब गंगा टावर के पीछे का क्षेत्र रात के समय सुरक्षित रहेगा। स्थानीय निवासियों ने कहा कि लंबे समय से यह इलाका अंधेरे में डूबा रहता था, जिससे न केवल दुर्घटनाओं की आशंका रहती थी बल्कि असुरक्षा का माहौल भी था। अब रोशनी के साथ क्षेत्र में नया उत्साह और भरोसा लौटा है।

# ओयो होटल के कमरे में युवक ने लगाई फांसी, पुलिस ने लैपटॉप और मोबाइल जब्त कर शुरू की जांच

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव होटल के कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। यह दर्दनाक घटना शक्ति खंड-3 स्थित वन मॉल के पास बने एक ओयो होटल की है। मृतक की पहचान मेरठ निवासी रजत प्रताप सिंह भाटी (27 वर्ष) के रूप में हुई है, जो नोएडा स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत था। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और होटल में अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, रजत मंगलवार रात होटल के कमरे नंबर 203 में ठहरा था। बुधवार सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो होटल स्टाफ को संदेह हुआ। कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। लगातार कोशिशों के बावजूद कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची इंदिरापुरम पुलिस ने होटलकर्मियों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अंदर का दृश्य देखकर हर कोई स्तब्ध रह गया, रजत पंखे से लटका हुआ था। पुलिस ने तत्काल शव को नीचे उतरवाया और कमरे की तलाशी ली। जांच के दौरान कमरे से लैपटॉप, मोबाइल फोन और शराब की बोतलें बरामद हुईं। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, क्योंकि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जिससे किसी बाहरी व्यक्ति के शामिल होने की संभावना कम लग रही है। पुलिस के अनुसार, रजत कुछ समय से मानसिक तनाव में था और वह शराब का सेवन भी करता था। मृतक के लैपटॉप और मोबाइल फोन की जांच की जा रही है ताकि उसकी आखिरी बातचीत और हाल के दिनों की गतिविधियों का पता लगाया जा सके। साथ ही, होटल के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाली जा रही है।

# 16 करोड़ की लागत से हो रहे कार्य में मानकों की अनदेखी, जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने डीएम को सौंपी रिपोर्ट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर के प्रतिष्ठित महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से जारी जीर्णोद्धार और मरम्मत कार्य पर अब सवाल उठने लगे हैं। निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप सामग्री न लगाए जाने और गुणवत्ता में लापरवाही की शिकायत पर शासन ने संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को जांच के आदेश दिए। इस पर जिला प्रशासन की ओर से एक संयुक्त जांच कमेटी गठित की गई, जिसमें लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के अधिशासी अभियंता, क्रीड़ाधिकारी तथा अन्य तकनीकी अधिकारी शामिल थे। कमेटी ने स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी (डीएम) को सौंपी है। निरीक्षण टीम ने स्टेडियम परिसर में चल रहे कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया, जिसमें मल्टीपर्पज हॉल, पेविलियन बिल्डिंग, स्विमिंग पूल, बॉक्सिंग रिंग, जूडो हाल, कुश्ती शेड, बास्केटबॉल और टेनिस कोर्ट, सिंथेटिक वालीबॉल कोर्ट, गार्ड रूम, पंप रूम, चारदीवारी और सोलर बैकअप सिस्टम सहित सभी निमार्णाधीन हिस्सों की जांच की गई। निरीक्षण में पाया गया कि दरवाजों में प्रयोग की जा रही लकड़ी मानक मोटाई से कम थी, प्लास्टर कार्य में कोर सैंड की जगह फाइन सैंड का उपयोग किया गया था, जबकि फर्श की टाइलों की गुणवत्ता भी निम्न स्तर की पाई गई। साथ ही विद्युत स्विच पैनल, रंग-रोगन और पुट्टी कार्य में भी गंभीर अनियमितताएं देखी गईं। टीम को साइट पर सुरक्षा और तकनीकी स्टाफ की उपस्थिति नहीं मिली, वहीं कार्य की परीक्षण रिपोर्ट और निर्माण से जुड़ा रिकार्ड भी अनुपलब्ध पाया गया।

# बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए नगर निगम ने युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया काम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए नगर निगम ने युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए 24 घंटे पानी का छिड़काव करने का सुपर प्लान लागू किया है।

इसके तहत अब शहर की सड़कों, सेंट्रल वर्ज और ग्रीन बेल्ट पर लगातार स्प्रिंकलिंग मशीनें धूल और धुएं को कम करने का कार्य करेंगी। नगर आयुक्त ने बुधवार को निगम के सभी संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली और वायु प्रदूषण से निपटने के लिए संयुक्त कार्ययोजना तैयार की। इस बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, और महाप्रबंधक जलकल कामाख्या प्रसाद आनंद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नगर आयुक्त ने जलकल, स्वास्थ्य और उद्यान विभागों को 24 घंटे चार शिफ्टों में पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए। अब रात के समय भी शहर के उन इलाकों में पानी का छिड़काव किया जाएगा जहां धूल और धुएं का स्तर अधिक है। नगर आयुक्त ने कहा कि जब तक वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं आता, यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। प्रदूषण को रोकने में पानी का छिड़काव अत्यंत प्रभावी कदम है और इसे शहरभर में पूरी तत्परता से लागू किया जाएगा। स्वास्थ्य, जलकल और उद्यान विभागों की संयुक्त कार्रवाई के तहत शहर में फिलहाल 50 वॉटर स्प्रिंकलर मशीनें तैनात की गई हैं। इनमें से 25 मशीनें जलकल विभाग की है।

# घर से नाराज होकर निकली थी बच्ची, परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का लगाया आरोप

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ थाना क्षेत्र के इरशाद गार्डन में मंगलवार की शाम उस वक्त हृदयविदारक दृश्य देखने को मिला जब छह वर्षीय मासूम शाहीना का शव एक खाली प्लॉट में बने गड्ढे में पड़ा मिला। मासूम की मौत की खबर फैलते ही पूरे इलाके में मातम और सनसनी फैल गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं उन्होंने पुलिस पर लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, मृतक शाहीना साहिबे आलम की बड़ी बेटी थी। साहिबे आलम इरशाद गार्डन क्षेत्र में परिवार के साथ रहते हैं और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें शाहीना सबसे बड़ी थी। घटना के अनुसार, सोमवार की शाम शाहीना को उसकी मां सलामन खातून ने पढ़ाई को लेकर डांट दिया था, जिससे नाराज होकर वह घर से बाहर निकल गई। परिवार ने पहले यह सोचा कि वह पास ही खेल रही होगी, लेकिन देर रात तक बच्ची के न लौटने पर चिंता बढ़ गई। परिजनों ने रातभर बेटी को ढूंढा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे तक बच्ची का पता न चलने पर परिवार ने टीलामोड़ थाना पुलिस को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगलवार शाम करीब पांच बजे कुछ बच्चों ने पास के एक खाली प्लॉट में बने गड्ढे में पानी में तैरता शव देखा और इसकी जानकारी शाहीना के परिवार को दी।

# गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस हेतु मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** समाज में अनुशासन और व्यवस्था के प्रतीक गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों के लिए बुधवार को एक विशेष दिन रहा, जब आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मोहन नगर, गाजियाबाद में उनके लिए मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 5 नवम्बर 2025 को प्रातः 9 बजे चाणक्य लॉबी में आरंभ हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों में प्रभावी संवाद, आत्म-नियंत्रण, मनोवैज्ञानिक सशक्तता एवं व्यावसायिक दक्षता को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक) सच्चिदानंद बर्नवाल, आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार, आई.टी.एस के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पाण्डे, प्रो. याचना मल्होत्रा एवं प्रो. शिल्पी राणा द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन भी प्रो. याचना मल्होत्रा एवं प्रो. शिल्पी राणा ने किया, जो कुशल शिक्षिका एवं प्रेरणादायी मोटिवेशनल स्पीकर हैं। आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने अतिथि सच्चिदानंद बर्नवाल का पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।



# दबंगों ने युवक के साथ मारपीट की, रिपोर्ट दर्ज

**लोनी।** मामूली कहासुनी के बाद कुछ लोगों ने रेल विहार कॉलोनी में युवक के साथ मारपीट की। मारपीट में युवक घायल हो गया। रेल विहार कॉलोनी में रहने वाले कुलदीप ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि कॉलोनी में रहने वाले राजमोहन साहू व पंकज ने मंगलवार रात उनके साथ कहासुनी के बाद मारपीट की। शोर शराबा सुनकर लोगों को आता देख आरोपी मौके मौके से भाग गए।

# धवल जायसवाल: जहां कानून मिलता है, वहीं मिलती है जनता की आवाज की सुनवाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर जोन में आमजन और पुलिस के बीच विश्वास का सेतु बन चुके सहायक पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) नगर, धवल जायसवाल की कार्यशैली दिन-ब-दिन नगरवासियों के बीच लोकप्रिय हो रही है। अपने तेज निर्णय, सक्रियता और जनता के प्रति संवेदनशील रवैये के कारण उन्हें शहर के नागरिकों और पुलिस कर्मचारियों की दृष्टि में एक आदर्श पुलिस अधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। धवल जायसवाल ने हमेशा यह सिद्ध किया है कि पुलिस केवल कानून प्रवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों की समस्याओं और उनके सुरक्षित जीवन की जिम्मेदारी भी पुलिस की प्राथमिकता में शामिल है। चाहे सड़क पर पेट्रोलिंग करते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हो, या अपराधियों की रणनीतियों को भांपकर उन्हें समय रहते पकडा- एसीपी धवल जायसवाल ने इन सभी पहलुओं में अपने नेतृत्व और सक्रियता का परिचय दिया है।

धवल जायसवाल की सबसे खास बात यह है कि वे प्रतिदिन अपने कार्यालय में आम नागरिकों की शिकायतों के लिए समय निकालते हैं। फरियादी उनके पास आते हैं और वे व्यक्तिगत रूप से उनकी समस्याएं सुनते हैं। शिकायतों का तुरंत समाधान न हो पाने पर वे न केवल संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश देते हैं, बल्कि स्वयं यह सुनिश्चित करते हैं कि शिकायत का फीडबैक फरियादी तक पहुंचे। इस प्रकार नागरिकों को यह विश्वास होता है कि उनकी आवाज सुनी जा रही है और उनका मुद्दा नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण में भी धवल जायसवाल की भूमिका अहम रही है। एसीपी नगर नियमित रूप से थाना और चौकी में आने वाले फरियादियों के प्रति व्यवहार और पेश आने की शैली के बारे में प्रशिक्षण देते हैं। उन्हें सिखाया जाता है कि किस तरह से फरियादी से संवाद स्थापित करना चाहिए, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए और सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाना चाहिए। इस प्रक्रिया में पुलिसकर्मियों को यह भी सिखाया जाता है कि हर शिकायत का समाधान करना तभी संभव है जब उसके तकनीकी पहलुओं के साथ नागरिक की भावनाओं का भी ध्यान रखा जाए। धवल जायसवाल सिर्फ फरियादियों की समस्याओं को सुनने तक सीमित नहीं रहते। शिकायत मिलने के बाद वे तुरंत संबंधित विभागों और अधिकारियों को कार्रवाई हेतु निर्देशित करते हैं। इसके साथ ही वे नियमित रूप से यह सुनिश्चित करते हैं कि दिए गए निर्देश का पालन हो और नागरिक को उसका त्वरित फीडबैक मिले। इस प्रकार उनके नेतृत्व में नगर पुलिस न केवल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करती है, बल्कि नागरिकों की समस्याओं का भी तुरंत समाधान करती है। प्रतिदिन की तरह बुधवार को एसीपी धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय में विभिन्न फरियादियों से मुलाकात की। उन्होंने न केवल उनकी समस्याओं को सुना, बल्कि कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया।